हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, शनिवार 14 फरवरी 2026
[बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया]

पूज्य संत श्री आशारामजी बापू
द्वारा प्रेरित एक विश्वव्यापी प्रकल्प



## मातृ-पितृ पूजन दिवस
## 14 फरवरी
### सच्चा प्रेम दिवस

वेलेंटाइन डे से होनेवाली युवक-युवतियों की तबाही को रोकने के लिए मैंने मातृ-पितृ पूजन दिवस चलाया परंतु इतना काफी नहीं है, शिक्षा, साहित्य एवं प्रचार-प्रसार के माध्यमों द्वारा और भी व्यापक संयम की महिमा का प्रचार करो।

– पूज्य संत श्री आशारामजी बापू

**क्योंकि प्रेम तो पवित्र होता है...**

प्रतिवर्ष २०० देशों में करोड़ों माता-पिताओं का हो रहा पूजन। हजारों स्कूलों व सार्वजनिक स्थानों में पिछले २० सालों से मनाया जा रहा है यह पर्व।

**अनैतिकता के दुष्परिणाम**

- पाश्चात्य देशों में ज़्यादा खुलेपन का दुष्प्रभाव देखने को मिल रहा है। वहाँ के लोग भारतीय संस्कृति की ओर आकर्षित हो रहे हैं।

क्या हम चाहते हैं कि भारत की भी ऐसी दुर्दशा हो ? कदापि नहीं। तो आइये १४ फरवरी को मातृ-पितृ पूजन दिवस मनायें। सभी १४ फरवरी को अपने माता-पिता की पूजा, परिक्रमा करके पूजन का एक फोटो/सेल्फी इस क्यूआर कोड पर अपलोड करें और विश्वमांगल्य में सहभागी बनें।



mppdselfie

पूजन-विधि देखें :

सम्पर्क : (079) 61210749/50
balsanskarkendra.org, ashram.org

## खबर संक्षेप

### श्री सत्य साईं बाबा के जन्म शताब्दी वर्ष पर यूनिटी रन एवं राइड 22 को

**बिलासपुर।** श्री सत्य साईं बाबा के जन्म शताब्दी वर्ष पर भारत सरकार के युवा एवं खेल मंत्रालय तथा फिट इंडिया अभियान के संयुक्त तत्वावधान में श्री सत्य साईं सेवा संगठन यूनिटी रन एवं राइड का आयोजन किया जा रहा है। इसका शुभारंभ 22 फरवरी रविवार को सुबह 6.30 बजे




रेलवे के नॉर्थ ईस्ट फुटबल ग्राउंड से मैराथन प्रारंभ होगी। लगभग 5 किमी की यह रन जगमल चौक, गांधी चौक, पुराना हाई कोर्ट, तारबाहर नाका, बड़ा गिरजाघर चौक और भारतमाता स्कूल होते हुए पुनः प्रारंभ स्थल पर समाप्त होगी। समापन सुबह 8.30 बजे होगा। इस अवसर पर जिला कलेक्टर, जनप्रतिनिधि एवं रेलवे अधिकारी सहित शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे। राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ियों एवं विशिष्ट विभूतियों का सम्मान भी होगा। आयोजन में महिला पुरुष 15 वर्ष से अधिक आयु के युवा भाग ले सकते हैं। सायकल राइड की भी व्यवस्था है। संगठन की ओर से सभी प्रतिभागियों को टी शर्ट, मैडल और प्रमाण पत्र दिया जाएगा। रन के अंत में रिफ्रेशमेंट की भी व्यवस्था रखी गई है। पंजीयन निशुल्क है और निर्धारित तिथि तक ऑनलाइन लिंक के माध्यम से किया जा सकता है। आयोजकों ने बिलासपुर के युवाओं, खेलप्रेमी और सभी नागरिकों से इस मानव कल्याण के पावन अभियान में बढ़ चढ़कर भाग लेने की अपील की है। पंजीयन लिंक - **sssunityrun.ssssoindia.org/event-details** यदि पंजीयन करने में किसी प्रकार की असुविधा हो तो वे 918099240300, 916263543310 से संपर्क कर सकते हैं।

### सल्फा सरगांव के नेत्रहीन 10 वर्षीय महावीर की आंखों को मिली रोशनी

**बिलासपुर।** ग्राम सल्फा सरगांव के नेत्रहीन 10 वर्षीय महावीर ध्रुव की आंखों को रोशनी मिली। महावीर ध्रुव के परिवार वालों ने अनेक अस्पताल में आँखों का जाँच कराया, किंतु निराशा मिली। अकलतरा नगर में भवानी जन सेवा



समिति हर वर्ष सौकड़ों लोगों को एमजीएम नेत्र हास्पिटल रायपुर ले जाकर मोतियाबिंद का निशुल्क इलाज कराती है। जिसके कारण समिति के लोगों का अस्पताल में आना जाना है। संस्था के प्रमुख सदस्य प्रकाश केडिया ने महावीर ध्रुव को अस्पताल में जांच के लिए ले गए। जांच में पता चला कि एक आँख पूरा खराब है, दूसरी आंख की पुतली का पर्दा अपनी जगह से हट गया है। जिससे केन्द्र बिंदु अलग हो गया है। इलाज के लिए अस्पताल ने डेढ़ लाख रुपए खर्च बताया। भवानी जन सेवा समिति के प्रमुख प्रकाश केडिया ने महावीर ध्रुव की आर्थिक हालत का हवाला देते हुए निशुल्क इलाज का अनुरोध किया। एमजीएम नेत्र हास्पिटल रायपुर ने भी मानवता का परिचय देते हुए उसका निशुल्क इलाज कर दिया। आज महावीर एक आँख से देखने लग गया है। सल्फा आदिवासी सरपंच उषा खुसरो ने भी आभार व्यक्त किया है।

### मानद डॉक्टरेट उपाधि से सम्मानित हुए पं. उमाशंकर



**बिलासपुर।** पं. दीनदयाल उपाध्याय हिंदी विद्यापीठ द्वारा 1 फरवरी को दिल्ली स्थित होटल रेडिसन ब्लू के सभागार में विद्या वाचस्पति (मानद डॉक्टरेट उपाधि) सारस्वत सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। समारोह में छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा जिले के शिक्षाविद् पं. उमाशंकर चतुर्वेदी को शिक्षा, ज्योतिष, सामुद्रिक विद्या, धार्मिक आध्यात्मिक प्रवचन तथा समाज सेवा के क्षेत्र में उनके अतुलनीय योगदान के लिए विद्या वाचस्पति सारस्वत मानद डॉक्टरेट उपाधि से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व कुलपति, रानी लक्ष्मीबाई केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय झांसी के डॉ. अरविन्द कुमार थे। समारोह की अध्यक्षता पं. दीनदयाल उपाध्याय हिंदी विद्यापीठ के कुलपति डॉ. इन्दु भूषण मिश्रा ने की।

### 16 फरवरी से गांव- गांव में लगेगा एग्रीस्टेक पंजीयन शिविर

**बिलासपुर।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत पात्र किसानों को लाभ सुनिश्चित करने के लिए जिले में 16 फरवरी से विशेष शिविरों का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर एक माह तक संचालित होंगे और जिले के प्रत्येक गांव में लगाए जाएंगे। कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देश पर आयोजित इन शिविरों में एग्रीस्टेक पोर्टल पर पंजीयन एवं किसानों का ई-केवाईसी किया जाएगा। जिले में लगभग 25 हजार किसान अभी भी एग्री स्टेक पोर्टल में पंजीयन से वंचित हैं, जिसके कारण उन्हें योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

**एसईसीआर जोन नागपुर मंडल में अधोसंरचना** | गोंदिया रेलखंड पर बाक्स पुशिंग कार्य के लिए आरएच गर्डर लांचिंग एवं डी लांचिंग कार्य

# पावर ब्लॉक से ट्रेनों का परिचालन रहेगा प्रभावित

**बिलासपुर।** समपार फाटक बोरतलाब से दरेकसा और गुदमा से गोंदिया के बीच बॉक्स पुशिंग कार्य के लिए ट्रैफिक कम पावर ब्लॉक लिया जाएगा, जिसके कारण बिलासपुर से नागपुर के बीच चलने वाली लोकल और एक्सप्रेस ट्रेनों का परिचालन 13 व 14 फरवरी एवं 13 व 14 मार्च को अलग-अलग दिन प्रभावित रहेगा।

रेलवे से मिली जानकारी बिलासपुर एसईसीआर जोन के नागपुर मंडल में अधोसंरचना विकास कार्य करने समपार फाटक बोरतलाव से दरेकसा एवं गुदमा से गोंदिया रेलखंड पर बाक्स पुशिंग कार्य के लिए आरएच गर्डर लांचिंग एवं डी लांचिंग कार्य किया जाएगा। इसके कारण 13 व 14 फरवरी को अप एवं डाउन लाइन पर और डी लांचिंग के लिए ट्रैफिक कम पावर ब्लॉक कार्य व तीसरी लाइन पर लांचिंग एवं डी लांचिंग कार्य किया जाएगा। इसकी वजह से यात्री गाड़ियों का परिचालन प्रभावित होगा। इसमें 68721 रायपुर-डोंगरगढ़ मेमू 13, 14 फरवरी और 13, 14 मार्च को, 13, 14 फरवरी एवं 13, 14 मार्च 68723 डोंगरगढ़-गोंदिया मेमू, 14, 15 फरवरी एवं 14, 15 मार्च को 68724 गोंदिया-रायपुर मेमू,




13, 14 फरवरी एवं 13, 14 मार्च को 68741 दुर्ग-गोंदिया मेमू, 13, 14 फरवरी एवं 13, 14 मार्च को 68744 नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी-गोंदिया मेमू, 13, 14 फरवरी एवं 13, 14 मार्च को 68711 डोंगरगढ़-गोंदिया मेमू, 13, 14 फरवरी एवं 13, 14 मार्च 68716 नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी-गोंदिया मेमू, 13, 14 फरवरी एवं 13, 14 मार्च को 68715 बालाघाट-नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी मेमू, 13, 14 फरवरी एवं 13, 14 मार्च को 68714 नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी-बालाघाट मेमू, 13, 14 फरवरी एवं 13, 14 मार्च को 68712 गोंदिया-डोंगरगढ़ मेमू, 13, 14 फरवरी एवं 13, 14 मार्च को 68742 गोंदिया-दुर्ग मेमू, 13, 14 फरवरी एवं 13, 14 मार्च को 68743 गोंदिया-नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी मेमू, 13, 14 फरवरी एवं 13, 14 मार्च को 68713 गोंदिया-नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी मेमू रद्द की जाएगी। इसके अलावा 18109 टाटा-नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी एक्सप्रेस 13 फरवरी से 13 मार्च तक दुर्ग-बोरतलाव एवं दुर्ग-गुदमा रेलखंड के बीच और 13 फरवरी से 13 मार्च तक 18239 कोरबा-नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी दुर्ग-बोरतलाव एवं दुर्ग-गुदमा रेलखंड के बीच नियंत्रित की जाएगी।

### गोंदिया स्टेशन में ब्लॉक से 15 ट्रेनों के पहिए थमेंगे 20 दिन तक

गोंदिया स्टेशन के प्लेटफार्म क्रमांक तीन के लाइन नम्बर पांच पर वाशेबल एप्रन सहित अन्य कार्य किया जाएगा। इस कार्य के दौरान बिलासपुर से नागपुर के बीच चलने वाली 15 ट्रेनों के पहिए 20 दिनों तक रोकने के अलावा अन्य ट्रेनों को डायवर्ट रूट से चलाने का आदेश दिया गया है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर मंडल अंतर्गत गोंदिया स्टेशन पर लाइन नम्बर पांच प्लेटफार्म नम्बर तीन पर स्थित वॉशेबल एप्रन को डिस्मेंटलिंग कर उसे बैलेस्टेड ट्रैक से परिवर्तित करने का कार्य किया जाएगा। इस कार्य के लिए गोंदिया स्टेशन पर लाइन नम्बर पांच अप मेन लाइन बंद करने के कारण 20 दिन तक ट्रेन यातायात पूरी तरह से बंद रहेगा। इसमें बिलासपुर से नागपुर के बीच चलने वाली 15 ट्रेनों के पहिए 5 से 24 अप्रेल तक थमे रहेंगे। वहीं 68802 गोंदिया-बल्लारशाह पैसेंजर को 5 से 25 अप्रेल तक हिरदामाली स्टेशन में, 68803 बल्लारशाह-गोंदिया पैसेंजर को हिरदामाली स्टेशन में, 68804 गोंदिया-बल्लारशाह पैसेंजर को हिरदामाली स्टेशन में, 68805 चांदाफोर्ट-गोंदिया पैसेंजर, 68806 गोंदिया-वड्सा पैसेंजर को हिरदामाली स्टेशन में नियंत्रित किया जाएगा। इसके अलावा 15231 बरौनी-गोंदिया एक्सप्रेस को 4 से 25 अप्रैल तक दुर्ग में नियंत्रित करने के साथ ट्रेन को दुर्ग से गोंदिया के बीच और 15232 गोंदिया-बरौनी एक्सप्रेस 5 से 26 अप्रैल तक दुर्ग में नियंत्रित करने के साथ गोंदिया-दुर्ग के बीच रद्द की जाएगी।

## रमन लोक कला महोत्सव का आगाज, राज्यों के कलाकारों ने दी प्रस्तुति

# सीवीआरयू में धरोहर प्रोजेक्ट, छग की लोक कला, संस्कृति का किया जाएगा संरक्षणः चौबे




रमन लोक कला महोत्सव में उपस्थित विवि के कुलाधिपति संतोष चौबे, सुशांत शुक्ला सहित अन्य अतिथि।



सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देते कलाकार।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

डॉ. सी. वी. रमन विश्वविद्यालय में चार दिवसीय रमन लोक कला महोत्सव का आगाज शुक्रवार को हुआ। पहले दिन कई राज्यों से आए लोक कलाकारों ने भगवान राम पर केंद्रित प्रस्तुतियां दीं और उनके जीवन को लोककला से सबके सामने रखा। चार दिनों तक लोक में राम विषय पर देश के कई राज्यों के कलाकार यहां अपनी प्रस्तुति देंगे।

13 से 16 फरवरी तक आयोजित इस महोत्सव की थीम "लोक में राम" रखी गई है। आयोजन में छत्तीसगढ़ के साथ ओडीसा, पश्चिम बंगाल, बिहार, राजस्थान, झारखंड, असम सहित अनेक राज्यों के लोक कलाकार भगवान राम से जुड़ी विविध लोक परंपराओं को मंच पर जीवंत करेंगे।

### लोक कला एवं लोकनाट्य पर हुआ मंथन

डॉ सीवी रमन विश्वविद्यालय मैं आयोजित रमन लोक कला महोत्सव लोक में राम के अवसर पर वैचारिक सत्र का आयोजन किया गया।जिसमें छत्तीसगढ़ की लोक कला एवं लोकनाट्य विषय पर प्रसिद्ध रंग कर्मी एवं नाटक निदेशक राकेश तिवारी, वरिष्ठ लोक कलाकार मंतराम यादव, देवार गीत गायिका रेखा देवार ने छत्तीसगढ़ की लोक कला एवं लोकनाट्य पर अपने विचार विस्तार से साझा किया। इस अवसर पर उपस्थित डॉ सी वी रमन विश्वविद्यालय के कुलाधिपति एवं संस्कृतिधर्मी संतोष चौबे ने कहा कि डॉक्टर सी वी रमन विश्वविद्यालय में जल्द ही धरोहर प्रोजेक्ट की शुरुआत होगी। जिसमें हम छत्तीसगढ़ के विभिन्न विधाओं को संरक्षित एवं संबोधित करने की दिशा में कार्य करेंगे लोक कलाकारों की कृतियां उनकी रचनाएं के समस्त विधाओं को लिपिबद्ध किया जाएगा।

### सेंटर फॉर ट्राइबल रिसर्च बनेगा

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉक्टर सी वी रमन विश्वविद्यालय के कुलाधिपति ,वरिष्ठ साहित्यकार संतोष चौबे ने कहा कि तुलसीदास जी को यह लग गया था कि भगवान राम को लोक भाषा में ही ज्यादा समझ जा सकेगा। इसलिए उन्होंने लोक भाषा में रामचरितमानस की रचना की। उन्होंने यह भी बताया कि भारत में 300 से अधिक रामायण लिखी गई हैं। हम राम के बिना भारत की कल्पना नहीं कर सकते। यही भारत की जीवन शक्ति है, उन्होंने इंडोनेशिया ,थाईलैंड, कंबोडिया, वियतनाम, सहित अनेक देशों में भगवान के पूजे जाने की परंपरा को सभी से साझा किया ।उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ लोक कला का गढ़ है। इस अवसर पर उन्होंने घोषणा की कि धरोहर प्रोजेक्ट डॉक्टर सीवी रमन विश्वविद्यालय द्वारा चलाया जाएगा।जिसमें छत्तीसगढ़ की लोक कला, संस्कृति, साहित्य लोकनाट्य सहित समस्त छत्तीसगढ़ की जीवन शैली को संरक्षित एवं संरक्षण किया जाएगा।इसके साथ-साथ विश्वविद्यालय में सेंट्रल सेंटर फॉर ट्राईबल रिसर्च की स्थापना भी की जाएगी।

### कर्म के तप से तपस्वी का जीवन जीते थे राम : सुशांत

अति विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने कहा कि राम से हमें तपस्या, कुशल संगठक ,संतुलित जीवन, कठिन परिश्रम में धैर्य और जन भावनाओं का सम्मान करना सीखना चाहिए ।उन्होंने कहा कि जब राम को हम उल्टा पढ़ते हैं तो मरा हो जाता है। हमें अपने जीवन से अहंकार, लालच और बुराइयों का को मारना होगा। तभी हम भगवान राम जैसे बन सकेंगे।

### विश्वविद्यालय कर रहा लोक ज्ञान का वैश्वीकरणः तिवारी

इस अवसर पर उपस्थित विश्वविद्यालय के कुल सचिव डॉ अरविंद कुमार तिवारी ने कहा कि डॉ सी वी रमन विश्वविद्यालय लोक ज्ञान को वैश्वीकरण करने के कार्य में जुटा हुआ है। इसलिए नित्य नए नवाचार हम विश्वविद्यालय में कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की यह माटी संस्कारों की माटी है और हम इस संस्कारों की माटी को भावी युवा पीढ़ी तक मूल रूप में पहुंच जाएंगे ताकि हमारा भविष्य का भारत संस्कारवान बने। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की समकुलपति दो जयंती चटर्जी मित्र ने आभार प्रकट किया उन्होंने कहा कि भगवान राम देश के सबसे बड़े आदर्श हैं और इस आदर्श को हमें अपने जीवन में उतारने के लिए सबसे पहले लोक मैं राम को समझना होगा तभी हम उनके जीवन के चरित्र को समझ सकेंगे। भाभी युवा पीढ़ी के चरित्र निर्माण के लिए श्री राम का अनुकरण अनिवार्य है। कार्यक्रम का संचालन डॉ ज्योति बाला गुप्ता, डॉ ब्रम्हेश श्रीवास्तव एवं श्वेता पांडे ने किया। कार्यक्रम स्थल पर शासकीय और गैर शासकीय संस्थाएं स्टॉल लगाकर अपने उत्पादों और योजनाओं की जानकारी दी गई। विद्यार्थी भी मॉडल और प्रस्तुति के माध्यम लोगों के सामने विश्वविद्यालय को दिखाया।

### कर्मा, भरथरी और पंडवानी ने सबका मन मोहा

कार्यक्रम की शुरुआत मंगलाचरण से हुई। विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। इसके बाद तमनार से आए के जनक साय एवं साथियों ने करमा नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी। इसी तरह रामनारायण धुर्वे एवं साथी ने श्री राम जन्म पर आधारित मानस गान किया। राजधानी रायपुर से आए राकेश तिवारी एवं साथियों ने छत्तीसगढ़ी में नाटक की प्रस्तुति दी। जो भगवान राम पर केंद्रित था। चेतन लाल देवांगन एवं साथियों ने पंडवानी शैली में रामायण प्रसंग का उल्लेख किया। जिसे सभी ने सराहा। कार्यक्रम के अंत में शकुंतला भारद्वाज एवं मन्नू राजा ने भरथरी की प्रस्तुति दी।

### छात्रों का हो रहा सर्वांगीण विकासः घोष

कार्यक्रम में उपस्थित विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर प्रदीप कुमार घोष ने कहा कि डॉ सी वी रमन विश्वविद्यालय केवल शिक्षा ही नहीं जीवन संस्कृति सभ्यता लोक कला लोक व्यवहार की जानकारी भी देता है।यही कारण है कि विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास हो रहा है, और यहां के विद्यार्थी भारत ही नहीं विदेशों में भी विश्वविद्यालय और छत्तीसगढ़ का नाम रोशन कर रहे हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा छात्रों के कल्याण के लिए समय-समय योजनाएं चलाकर उन्हें प्रेरित किया जाता है।

### राम भाषण का नहीं धारण का विषय : वर्णिका

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित राज्य बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा ने राम के महत्व को बताते हुए कहा कि राम भाषण का विषय नहीं धारण का विषय हैं। उन्होंने कहा कि हमें राम की तपस्या को अपने आचरण में स्वीकार करना चाहिए। उन्होंने बताया कि जब किसी प्रिय वस्तु के चले जाने पर क्लेश होता है तो वहां महाभारत हो जाती है ,और जब हम छोड़ने और त्याग करने का काम करते हैं। तो वहां रामायण हो जाती है। उन्होंने भगवान राम के जीवन से जुड़े अनेक पहलुओं को साझा किया। उन्होंने बताया कि राम हमारे जीवन में हमारे मन में और हमारे हृदय में विद्यमान हैं। बस हमें उन्हें अपने आचरण में उतारने की आवश्यकता है।



### उत्कृष्ट कार्य निष्पादन करने वाले 10 अफसरों 63 कर्मचारियों को मिला रेल सेवा पुरस्कार

**बिलासपुर। दपूमरे** द्वारा 13 फरवरी को विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार एवं रेल सेवा पुरस्कार समारोह कार्यक्रम का आयोजन सेक्रसा क्रिकेट ग्राउंड में किया गया। इसके मुख्य अतिथि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे महाप्रबंधक तरुण प्रकाश एवं सेक्रो अध्यक्षा मीनाक्षी शर्मा थीं। कार्यक्रम में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अपर महाप्रबंधक सहित तीनो रेल मंडलों के मंडल रेल प्रबंधक सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। आज आयोजित विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार एवं रेल सेवा पुरस्कार समारोह में मुख्य अतिथि तरुण प्रकाश कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उप महाप्रबंधक (सा.) समीर कांत माथुर ने रेलवे के गौरवशाली इतिहास पर प्रकाश डाला। साथ ही भारतीय रेलवे की गौरवशाली यात्रा पर आधारित लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया। कलाकारों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। महाप्रबंधक श्री प्रकाश ने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार एवं रेल सेवा पुरस्कार समारोह की बधाई दी। दपूमरे की निरंतर प्रगति एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि रेलवे की समर्पित रेल कर्मियों की निष्ठा और लगन से इस वर्ष दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे को रेल मंत्रालय स्तर पर तीन महत्वपूर्ण शील्ड प्रदान किए गए हैं, उन्होंने कहा कि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे परिवार अपनी एकाग्रता एवं लगन से कार्य करते हुए रेलवे की उन्नति की परंपरा को बनाए रखेगी।

#### 19 मेजर शील्ड, 37 माइनर शील्ड 60 विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार दिए गए

आज इस अवसर पर 19 मेजर शील्ड, 37 माइनर शील्ड, 60 विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार एवं 13 रेल सेवा पुरस्कार प्रदान किए जा रहे हैं। प्रत्येक मापदंडों पर बेहतर कार्य निष्पादन एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर तीनों मंडलों में से बिलासपुर रेल मंडल को सर्वोत्तम प्रदर्शन के लिए प्रतिष्ठित "ओवरऑल एफिशिएंसी" सतपुड़ा शील्ड से नवाजा गया। अंत में मुख्य जनसंपर्क अधिकारी डॉ. सुस्कर विपुल विलासराव ने धन्यवाद किया।

### कन्नौजे रजक समाज के विमल बने अध्यक्ष



**बिलासपुर।** कन्नौजे रजक समाज के हुए चुनाव में महमंद के विमल रजक को पुनः वेद परसदा परिक्षेत्र का निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया है। इसके पूर्व भी वे वेद परसदा परिक्षेत्र के अध्यक्ष रहे हैं। रजक समाज के प्रति उल्लेखनीय योगदान को देखते हुए समाज ने उन्हें पुनः इस पद की महती जिम्मेदारी सौंपी है। इस बैठक में रजक समाज के छत्तीसगढ़ रजक समाज के विश्राम निर्मलकर मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि संभागीय अध्यक्ष रामेश्वर निर्मलकर एवं गंगेयलाल निर्मलकर, संभागीय सचिव एवं जिला अध्यक्ष नारद रजक ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। विमल के वेद परसदा क्षेत्र के पुनः अध्यक्ष बनने पर समाज के लोगों में हर्ष व्याप्त है। कार्यक्रम में अमृत निर्मलकर, रोहित निर्मलकर, मोतीलाल निर्मलकर, परसराम निर्णेजक, मथुरा रजक, राम दुलारे, जगदीश निर्णेजक, रामानुज, दुर्गा प्रसाद, योगेश, रामधन, विजय, दिलहरण, शिवकुमार रजक, गोविंद कैलाश, वेदराम, मनहरण , प्रदीप, मुकेश, रामनारायण, चंद्रगोपाल, फागूराम, भगत, परमेश्वर आदि मौजूद थे।

## बिजनेस प्लस

### बजाज आटो लिमिटेड की चेतक ईवी सी- 2501 का त्रिपुर ऑटो में लांचिंग

**बिलासपुर।** भारत के दो पहिया वाहन निर्माता बजाज आटो लिमिटेड की चेतक ईवी का नया अवतार सी- 2501 का त्रिपुर ऑटो में सैकड़ों चेतक प्रेमियों के उपस्थिति में धमाकेदार




लॉन्चिंग हुआ। संस्था प्रबंधक मनोज शर्मा ने चेतक सी-2501की विशेषताओं का उल्लेख करते हुए बताया कि नई चेतक भारत में अपने श्रेणी की सबसे किफ़ायती एवं अत्यंत आकर्षक है, बजाज चेतक सी- 2501 एक एंट्री-लेवल इलेक्ट्रिक स्कूटर है जिसकी कीमत लगभग 87,100 से 91,430 है। इसमें 2.5 केडब्ल्यूएच की बैटरी, 113 किमी की आईडीसी रेंज और 55 किमीएच की टॉप स्पीड है। शहरी इलाकों में आने-जाने के लिए डिज़ाइन किया गया, इसमें मज़बूत ऑल-मेटल बॉडी, 25-लीटर अंडर-सीट स्टोरेज है। यह 4 घंटे से कम समय में चार्ज हो जाता है, जो इसे हाई-स्पेक मॉडल के लिए एक सस्ता, स्टाइलिश विकल्प बनाता है। इसकी हल्की बनावट और मज़ेदार और आकर्षक डिजाईन किया है, चेतक ईवी क्लास में एक धमाका करने वाली प्रतियोगी बनाया गया है। यह 6 विभिन्न आकर्षक रंगों के साथ त्रिपुर आटो के सभी शो रूम मंगला एवं सरकंडा में स्टाक उपलब्ध है।

## हेल्थ प्लस

### स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल पहुंचे श्री मंगला हॉस्पिटल, पूछा कुशलक्षेम

**बिलासपुर।** श्याम बिहारी जायसवाल 13 फरवरी को बिलासपुर प्रवास के दौरान चिरमिरी के अपने करीबी एवं श्री मंगला हॉस्पिटल के डायरेक्टर विजय जैन से मिलने उनके अस्पताल पहुंचे। इस दौरान मंत्री ने अस्पताल का निरीक्षण



किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य मंत्री ने आयुष्मान कार्ड से उपचार करा रहे मरीजों तथा डायलिसिस के मरीजों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना और अस्पताल द्वारा दी जा रही सेवाओं की सराहना की। मंत्री श्री जायसवाल ने कहा कि चिरमिरी जैसे छोटे स्थान से निकलकर बिलासपुर में इतने बड़े अस्पताल का सफल संचालन करना सराहनीय है। उन्होंने अस्पताल प्रबंधन के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस तरह की सुविधाएं क्षेत्र के मरीजों के लिए लाभकारी साबित हो रही हैं।



तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 16.1 डिग्री

हरिभूमि
बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, शनिवार 14 फरवरी 2026



शुक्रवार की सुबह पुलिस लाइन रोड पर एक कार पेड़ से टकराकर क्षतिग्रस्त हो गई, इसमें सवार दो लोग घायल हो गए।



## खबर संक्षेप

### पं. देवकीनंदन दीक्षित की पुण्य तिथि आज

**बिलासपुर।** देवकीनंदन चौक पर 14 फरवरी को पं. देवकीनन्दन दीक्षित की पुण्य तिथि मनाई जाएगी। नवयुवक कान्यकुब्ज विकास समिति के अध्यक्ष अरविंद दीक्षित ने बताया कि इसका आयोजन नगर पालिक निगम बिलासपुर एवं कान्यकुब्ज ब्राम्हण समाज द्वारा संयुक्त रूप से शाम 5 बजे से किया जा रहा है। इस दौरान दान दाताओं का सम्मान किया जाएगा। यह कार्यक्रम नगर निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे, महापौर पूजा विधानी एवं सभापति विनोद सोनी के आतिथ्य में होगा। इसमें सर्व ब्राम्हण समाज व शहर के गणमान्य नागरिक पार्षद गण मौजूद रहेंगे। समारोह में विकलांग चेतना परिषद जो कि विकलांगों के लिए निशुल्क कृत्रिम पैर उपलब्ध कराने, विकलांगों के निशुल्क सर्जरी कर उन्हें चलने योग्य बनाने का पुण्य कार्य करती है के साथ साथ देहदान के प्रेरक के रूप में संज्ञा टंडन के साथ अद्विक मिश्रा 8 वर्ष द्वारा 2000 से ज्यादा पौधे अकेले लगाने तथा सामाजिक धार्मिक क्षेत्र में अपना योगदान वाले चन्द्र चूड़ त्रिपाठी, प्रदेश अध्यक्ष आदित्य वाहिनी व मंजू मित्रा जिन्होंने छत्तीसगढ के धरोहर के लिए लिपि बद्ध करने के फलस्वरूप उत्कृष्ट कार्य करने पर इनका सम्मान किया जाएगा।

### प्रेस क्लब में विशाल लीवर जांच स्वास्थ्य शिविर आज

**बिलासपुर।** बिलासपुर प्रेस क्लब व जज़्बा संस्था के संयुक्त तत्वावधान में 14 फ़रवरी शनिवार सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक मध्यनगरी चौक स्थित बिलासपुर प्रेस ट्रस्ट भवन में विशाल लीवर जांच स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। प्रेस क्लब सचिव संदीप करिहार ने बताया कि शिविर में महानगरों में होने वाली हज़ारों रुपए की जाँच फ़ाइबरों स्कैन जाँच निशुल्क की जाएगी। यह जाँच की मशीन विशेष रूप से बिलासपुर प्रेस क्लब के नवनियुक्त कार्यकारिणी के प्रयासों से सभी पत्रकार साथियों, उनके परिवार जनों के अलावा बिलासपुर के सभी नागरिकों के सहायतार्थ मंगवाई जा रही है। इस मशीन से लीवर की वर्तमान स्थिति का पता लगाया जा सकेगा। जाँच के लिए चिकित्सकों ने खाली पेट अथवा जाँच के पहले 3 घंटे खाली पेट रहने का आग्रह किया गया है। शिविर में मध्य भारत के प्रसिद्ध लीवर व पेट के डॉ. समर्थ शर्मा ग्लोबल गैस्ट्रो व लीवर केयर अशोक नगर सरकंडा, (पूर्व सलाहकार सर गंगाराम हॉस्पिटल नई दिल्ली) भी उपस्थित रहेंगे। शिविर स्थल पर सीधा पंजीयन होगा और पहले आओ पहले पाओ वाले सिद्धांत पर सभी की जाँच होती चली जाएगी। रिपोर्ट भी सभी को उसी समय तत्काल बना के दे दी जाएगी।

### जीवन कौशल और तनाव प्रबंधन पर कार्यशाला आज

**बिलासपुर।** बिलासपुर जिले के समस्त शासकीय हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी विद्यालयों के प्राचार्यों तथा कोचिंग संस्थानों के संचालकों के लिए 14 फरवरी को जीवन कौशल, तनाव प्रबंधन एवं आत्महत्या रोकथाम विषय पर कार्यशाला आयोजित की जाएगी। कार्यशाला प्रार्थना भवन में सवेरे 10.30 बजे से प्रारंभ होगी। कार्यक्रम में जिला कलेक्टर संजय अग्रवाल एवं एसएसपी रजनेश सिंह का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। वे शिक्षण संस्थानों की भूमिका, विद्यार्थियों के लिए सुरक्षित एवं सहयोगात्मक शैक्षणिक वातावरण निर्माण तथा संवेदनशील परिस्थितियों में त्वरित समन्वय की आवश्यकता पर अपने विचार साझा करेंगे। विषय विशेषज्ञ डॉ. सुजाता पांडेय द्वारा जीवन कौशल विकास, परीक्षा संबंधी तनाव के प्रभावी प्रबंधन के व्यावहारिक उपायों पर प्रस्तुतीकरण दिया जाएगा।

# पंडित दीक्षित ने 83 साल पहले कर दी थी व्यवस्था, इसके बाद भी 40 सालों से एक भी छात्रा को नहीं दी जा सकी छात्रवृत्ति

विकास चौबे ⏭ बिलासपुर

अलग खबर

अपना सर्वस्व दान करने वाले पंडित देवकीनंदन दीक्षित ने 83 साल पहले अपनी वसीयत में सदरबाजार की दुकानों से मिलने वाले किराए और कारिछापर की 77 एकड़ जमीन पर हो रही खेति से होने वाली आय से स्कूली छात्राओं को छात्रवृत्ति देने की व्यवस्था की थी। यह व्यवस्था लेकिन सरकारी लापरवाही की भेंट चढ़ गई और पिछले 40 सालों में एक भी छात्रा को इसका लाभ नहीं मिला है।

- सदरबाजार की दुकानों से मिलने वाले किराए और कारिछापर में हो रही खेती से होनी है व्यवस्था

हाल यह है इसकी जानकारी भी निगम अधिकारियों और देवकीनंदन दीक्षित कन्या स्कूल के प्राचार्यों को नहीं है। सदर बाजार की 2700 वर्गफुट की जमीन के साथ एक अन्य दुकानों से निगम को लाखों रुपए किराया मिल सकता है लेकिन इस पर कब्जा कर लिया गया है। कारिछापर की जमीन भी कब्जे की भेंट चढ़ गई है।

पं दीक्षित की सोच कितने समृध्द थी इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है उन्होंने पैदा होने से लेकर पढ़ाई, इलाज और अंतिम संस्कार तक के लिए अलग व्यवस्था 100 साल पहले कर दी थी। अधिकारी लेकिन इसे संभाल नहीं पाए। कारिछापर की 77 एकड़ जमीन पर कब्जा हो गया है और वहां खेति होनी बंद हो गई है। सदर बाजार की दुकानें कुछ लोगों ने हथिया ली है। निगम को इसकी जानकारी भी है लेकिन जगह खाली नहीं कराई जा रही है।

### लड़कियों के स्कूल के लिए जमीन दी

वसीयत में पंडित देवकीनंदन दीक्षित ने लड़कियों को पढ़ाने और उन्हें आगे बढ़ाने के लिए दो जगह जमीन दान की है। बिलासपुर के खपरगंज में उन्होंने प्राइमरी स्कूल के लिए अपनी जमीन दान की है। इसके अलावा देवकीनंदन दीक्षित चौक के पीछे कई एकड़ की जमीन को उन्होंने मिडिल और हाई स्कूल बनाने के लिए दान किया था, जहां आज भी लड़कियां पढ़ाई करती हैं। वह भी इसलिए क्योंकि उस समय लड़कियों को पढ़ने के लिए परिवार वाले दूर नहीं भेजते थे और उनकी पढ़ाई बंद कर दी जाती थी। जब इस पर स्कूल बना तो आसपास की हजारों लड़कियां यहां शिक्षा लेकर आज अपना जीवन बेहतर कर रहीं हैं। वसीयत के मुताबिक लेकिन छात्राओं को छात्रवृत्ति नहीं दी जा रही है।



- देवकीनंदन दीक्षित स्कूल में पढ़ने और मैरिट में आने वाली छात्राओं को मिलनी है राशि

### वसीयत में पांच रुपए छात्रवृत्ति का प्रावधान

इधर छात्रांओ के स्कालरशीप के लिए अपनी वसीयत में पं. दीक्षित ने उस समय पांच रुपए का व्यवस्था की थी। इसमें लिखा है कि यह स्कालरशिप शहर के प्रायमरी परीक्षा में मैरिट में आकर उत्तीर्ण हुई लड़कियों को मिलेगा जो कि देवकीनन्दन स्कूल में पढ़ती हों। यदि इस स्कूल की छात्रा पात्र नहीं पाई जाती तो दूसरे स्कूल की छात्राओं को इसे दिया जा सकता है। यह स्कालरशीप तीन साल तक लगातार दी जानी थी। वसीयत में यह भी लिखा है कि एक स्कालरशिप देवकीनंदन म्युनिसिपल आंग्लो हिंदी गर्ल्स स्कूल की छात्राओं को भी मिलेगा जो कि मैरिट में आईं हों। इसकी राशि भी पांच रुपए ही उस समय लिखी गई है। जानकारों के मुताबिक शुरूआत में कुछ साल तक जरूर छात्राओं को यह राशि मिली इसके बाद लेकिन किसी ने भी ध्यान नहीं दिया।

### जानकारी नहीं है

पिछले कई सालों से इस योजना से संबंधित छात्रवृत्ति राशि का भुगतान छात्राओं को नहीं किया जा रहा है। इसकी अधिक जानकारी भी नहीं है।

**- रेणुका पिंगले,** शिक्षा विभाग प्रभारी

### 77 एकड़ में धान की खेती हो गई बंद

पंडित देवकीनंदन दीक्षित ने ग्राम पंचायत जुहली के आश्रित ग्राम कारिछापर स्थित अपने 76 एकड़ 87 डिसमिल भूमि को सन 1943 में तत्कालीन नगर पालिक निगम परिषद (वर्तमान में नगर निगम बिलासपुर) को दान कर दिया था। इस भूमि का हर 3 वर्ष में नगर निगम द्वारा धान की खेती करने के लिए इश्तहार प्रकाशन के बाद गांव में ही अमानत राशि जमा कराकर आम नीलामी करते आ रहा था लेकिन धीरे-धीरे नगर निगम के अधिकारियों ने इस ओर ध्यान देना बंद कर दिया। नतीजा यह निकला कि उस 77 एकड़ जमीन के अधिकांश हिस्सों में ग्रामीणों ने कब्जा कर लिया। कुछ लोगों ने मकान भी बना लिए हैं तो कुछ लोगों ने कब्जा कर दूसरों को जमीन बेंच दी है। जब पूरी संपत्ति दान की गई थी तो इसके बाद उस पूरी जमीन का मुखिया वर्तमान में नगर पालिक निगम बिलासपुर है लेकिन निगम के अधिकारियों ने तब से इस ओर ज्यादा ध्यान नही दिया। इस जमीन का उपयोग भी नहीं किया। यही कारण है कि दान की भूमि पर लोगों ने कब्जा कर लिया है और खेती बंद कर दी गई है।

## नगर निगम : लिंगियाडीह मामले में कांग्रेसियों ने किया दो घंटे चक्काजाम

# सामान्य सभा में पेयजल पर मचा हंगामा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

वंदे मातरम, राष्ट्रीय गान और राज गीत के साथ शुरू हुई नगर निगम के सामान्य सभा की बैठक में शुरू से लेकर अंत तक हंगामेदार रही। सदन के अंदर पानी को लेकर बवाल मचा रहा तो प्रश्नकाल के बाद लिंगियाडीह में मकान तोड़ने को लेकर वहां की महिलाएं और कांग्रेसी पार्षद धरने पर बैठ गए। आडिटोरियम में प्रवेश करने से रोका तो मुख्य सड़क पर इन्होंने धरना दे दिया। इस दौरान पुलिस की भारी मौजूदगी रही। तनाव की स्थिति को देखते हुए शहर के थानों और पुलिस लाइन से अतिरिक्त महिला- पुरुष बल बुलानी पड़ी। बाद में महापौर श्रीमती पूजा विधानी धरने पर बैठे लोगों से मिलने और ज्ञापन लेने पहुंचीं।

करीब चार महीने बाद हुई सामान्य सभा की बैठक पूरी तरह जल व्यवस्था पर केन्द्रित रही। हालांकि इस दौरान जन प्रतिनिधियो ने भ्रष्टाचार, गबन, ध्वस्त सफाई व्यवस्था के मुद्दों को उठाकर अपनी बात रखी। महापौर श्रीमती पूजा विधानी ने हर सवाल का जवाब तो दिया लेकिन इसमें टेंडर करने और शासन को प्रस्ताव भेजने की बात थी। इसे लेकर विपक्षी पार्षद नाराज भी दिखे। इसेक साथ ही सदन के अंदर टोका टाकी को लेकर कई बार हंगामा हुआ। इस दौरान भाजपा पार्षद बंधु मौर्य और विजय ताम्रकार ने कांग्रेसी पार्षद दिलीप पाटिल को बदतमीज और किराए के लोगों को लेकर आए हो बोल दिया। इससे मामला गरमाया गया। कांग्रेसियों ने दोनों भाजपा पार्षदों को घेर लिया। पूर्व पार्षद अशोक विधानी ने माफी मांगते हुए माहौल को शांत करने की कोशिश की और महापौर श्रीमती पूजा विधानी को लेकर निकल गए।

### सम्पत्तिकर और यूजर चार्ज की वसूली अलग करने की मांग

नेता प्रतिपक्ष भरत कश्यप ने सम्पत्तिकर और यूजर चार्ज की वसूली अलग अलग कराकर जनता को राहत देने की मांग की। जोन क्रमांक 2 में डीजल पेट्रोल के मनमाने खपत पर हंगामा हुआ। इसी तरह ग्रामीण आवास पट्टे के लिए रकम लेने के बाद भी आवास नहीं देने का मामला जोर से गूंजा। घुरू में तालाब के सौंदर्यीकरण और सौन्दर्यीकृत तालाब की बदहाली और नालियों से गूजरी पाइप लाइन पर सदन गरम रहा। मंगला और चांटापारा में कचरा डंपिंग और कचरे में आग लगवाने के कारण होने वाली दिक्कतों पर भी सदन में सवाल किए गए।



### 15 लाख के घोटाले का मामला जोर से गूंजा

प्रश्नकाल के दौरान अजब स्थिति दिखी जब विपक्ष के पार्षदो ने भ्रष्टाचार मूलभूत सुविधाओं को लेकर अफसरो को घेरना चाहा। सत्ता पक्ष के पार्षद उनका बचाव करते दिखे। पार्षद सीमा संजय सिंह ने तिफरा जोन क्रमांक 2 के चर्चित राजस्व वसूली के 15 लाख रुपए के गबन का मामला उठाया। महापौर की ओर से कहा गया कि राजस्व निरीक्षक को सस्पेंड करते हुए विभागीय जांच कराई जा रही है। कांग्रेसी पार्षद शहजादी कुरैशी ने इस पर सवाल करते हुए कहा कि एक साल में जांच क्यों नहीं हुई और इसे ठंडे बस्ते में क्यों डाला जा रहा है। बाकी दोषी अधिकारियों पर भी एफआईआर होनी चाहिए।

### विपक्ष की गैरमौजूदगी में 15 प्रस्ताव पास

भोजनावकाश के बाद सभापति विनोद सोनी ने सदन की कार्रवाई दोबारा शुरू करने की अनुमति दी। विपक्ष ने इसका एक तरह से बहिष्कार किया और धरने पर बैठे रहे। विपक्ष की गैर मौजूदगी में एक अतिरिक्त प्रस्ताव समेत 15 प्रस्ताव पारित कर दिए गए। इसमें 3 करोड़ रुपए से अधिक के विकास कार्यों की स्वीकृति, मुख्यमंत्री नगरोत्थान योजना के तहत लगभग 70 करोड़ रुपए के कार्य शासन को भेजने का प्रस्ताव, विभिन्न वार्डों में सामुदायिक भवन निर्माण का प्रस्ताव के साथ शहर के सौंदर्यीकरण और गार्डन विकास कार्यों की स्वीकृति दी गई। इस दौरान कांग्रेसियों ने सत्ता पक्ष पर पक्षपात के आरोप लगाए और कहा कि चर्चा बिना के शहर हित के मुद्दों को इस तरह पास करना गलत है।

तनाव की स्थिति को देखते हुए शहर के थानों और पुलिस लाइन से अतिरिक्त महिला- पुरुष बल बुलाना पड़ा





### पेयजल और स्ट्रीट लाइट पर होती रही बहस

इससे पहले प्रश्नकाल के एक घंटे में कुल 17 प्रश्नों पर चर्चा हुई। इसमें कांग्रेस पार्षदों के वार्ड में विकास कार्यों में पक्षपात करने का आरोप लगाया गया। इसी तरह वार्डों में स्ट्रीट लाइट ठप होने और नहीं सुधारे जाने पर बवाल हुआ। कांग्रेसी पार्षदों की ओर से कहा गया कि 15-20 दिनों से पंप जल गए हैं, पानी नहीं आ पा रहा है, अधिकारी सुनते नहीं और लोग परेशान हैं। पार्षदों ने कई क्षेत्रों में पानी नहीं पहुंचने और टैंकर व्यवस्था में लापरवाही के आरोप लगाए। देवरीखुर्द के पार्षद लक्ष्मी यादव ने 17 साल पुराने सीवरेज परियोजना की परेशानी बताई। वार्ड क्रमांक 1 के पार्षद अमित भारते ने गर्मी में पेयजल संकट और इसके निदान को लेकर सवाल किया।

### इन 15 प्रस्तावों को किया गया पास

- जाति प्रमाण पत्रों का अनुमोदन
- लिंगियाडीह क्षेत्र में हटाए गए अतिक्रमण और पुनर्वास को लेकर चर्चा
- तोरवा रेलवे ओवरब्रिज का नाम शहीद वीर नारायण सिंह के नाम पर होगा
- भगवान बिरसा मुंडा की आदमकद प्रतिमा स्थापित होगी
- बृहस्पति बाजार के निर्माण कार्य की स्वीकृति
- शहर की प्रमुख सड़कों के डामरीकरण का प्रस्ताव
- जर्जर स्ट्रीट लाइट पोल बदलने की स्वीकृति
- नए स्ट्रीट लाइट लगाने का प्रस्ताव
- पेयजल आपूर्ति व्यवस्था में सुधार और टैंकर व्यवस्था पर प्रस्ताव
- नाली निर्माण और जल निकासी व्यवस्था को सुदृढ़ करने का प्रस्ताव
- सफाई कर्मियों की समयावधि वृद्धि का प्रस्ताव

### पैदल पहुंची महिलाएं

माहौल तब बिगड़ा जब लिंगियाडीह में 84 दिनों से आंदोलनरत महिलाएं पैदल महापौर निगम आयुक्त को ज्ञापन सौंपने लखीराम आडिटोरियम पहुंच गई। इसको लेकर सदन के अंदर एक दूसरे पर राजनीति करने का आरोप लगता रहा। भाजपाई पार्षदों का कहना था कि सामान्य सभा के दौरान इस तरह भीड़ बुलाना और धरने पर बैठना गलत है। इसके लिए विकास भवन में अलग से बात की जा सकती है। हालांकि प्रश्नकाल के बाद महिलाओं के साथ लिंगियाडीह के पार्षद दिलीप पाटिल धरने पर बैठ गए। कांग्रेसी पार्षदों का भी उन्हें साथ मिला। इसकी जानकारी मिलते ही इन्हें समर्थन देने के लिए जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सिद्धांशु मिश्रा और महेन्द्र गंगोत्री पहुंच गए। पुलिस ने इन्हें लखीराम आडिटोरियम में प्रवेश करने से रोका तो मुख्य सड़क पर धरने पर बैठ गए। दो घंटे तक इसे लेकर हंगामा मचता रहा और सड़क बंद रहा।

## मुंशी ने 9 लाख के धान का किया गबन

**बिलासपुर।** बिल्हा थाना क्षेत्र में संचालित एक राइस मिल के मुंशी द्वारा 360 क्विंटल धान का गबन करने का मामला सामने आया है। मामले में पुलिस ने आरोपित मुंशी के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बिल्हा क्षेत्र के ग्राम कोटिया निवासी धर्मराज सिंह (52) ग्राम कुंआपाली में महावीर एग्रो इंडस्ट्रीज राइस मिल के संचालक है। उन्होंने ग्राम बरतोरी निवासी श्याम अग्रवाल (34) को मिल में मुंशी नियुक्त किया था। आरोपी मुंशी मिल के काम की देखरेख के साथ ही डीओ लेटर, गेट पास व धान उठाव का काम भी संभालता था। मिल संचालक ने बताया कि 2025 में मार्कफेड से जारी डीओ के आधार पर मुंशी ने बिना संचालक को जानकारी दिए 1 जनवरी 2025 को ग्राम बोड़सरा धान खरीदी केंद्र से 180 क्विंटल और 5जनवरी 2025 को जारी दूसरे डीओ के आधार पर 9जनवरी 2025 को ग्राम बिटकुली धान खरीदी केंद्र से 180 क्विंटल धान उठाया। धान कस्टम मिलिंग के लिए राइस मिल लाया जाना था। आरोपित मुंशी ने धान मिल में जमा नहीं किया। मार्च 2025 में रजिस्टर के मिलान के दौरान 360 क्विंटल धान कम पाया गया। पूछताछ करने पर मुंशी ने धान बेच देने की बात स्वीकार कर ली। इस दौरान उसने धान बेचने वाली जगह के संबंध में नहीं बताया। आरोपित ने 15-20 दिनों के भीतर9 लाख रुपये लौटाने का आश्वासन दिया था। उसने 1 अप्रैल 2025 को इकरारनामा भी लिखकर दिया था। इसके बाद वह फरार हो गया। रुपये नहीं मिलने पर उसने पूरे मामले की शिकायत बिल्हा थाने में की है। इस पर पुलिस ने जुर्म दर्ज कर मामले को जांच में लिया है।

- मिल संचालक ने दर्ज कराया अपराध

### आवास योजना में गड़बड़ी

## रोजगार सहायक को नोटिस

**बिलासपुर।** प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना में बिल्हा जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम गढ़वट में गड़बड़ी का मामला सामने आया है। इस मामले में जनपद पंचायत द्वारा टीम गठित कर जांच कराई गई है और रोजगार सहायक को नोटिस जारी किया गया है। बिल्हा जनपद पंचायत के ग्राम गढ़वट में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत हितग्राही की मजदूरी राशि के भुगतान में गड़बड़ी का मामला सामने आया है। इस मामले की शिकायत कलेक्टर जनदर्शन में हुई थी। इस पर बिल्हा जनपद पंचायत द्वारा टीम गठित कर मामले की जांच कराई गई है और जांच रिपोर्ट के आधार पर रोजगार सहायक को नोटिस जारी कर अपना पक्ष रखने कहा गया है। चन्द्रप्रकाश बैसवाड़े एवं अन्य ग्रामवासियों द्वारा की गई शिकायत पर जांच दल ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया था। जांच में पाया गया कि बिना हितग्राही की लिखित सहमति के अन्य व्यक्तियों को 35,415 रुपए का भुगतान नियम विरूद्ध तरीके से किया गया।

## महा लेखापरीक्षक ने मांगी जानकारी, भेजा गया वित्तीय वर्ष 21-22 से 25-26 तक का हिसाब

# संसद में प्रस्तुत होगा विधायक निधि में खर्च किए गए 80 करोड़ का हिसाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

विधायक निधि के अंतर्गत पिछले पांच वर्ष के दौरान खर्च की गई राशि की जानकारी संसद में पेश की जाएगी। महा लेखापरीक्षक भारत सरकार द्वारा प्रदेश से इस आशय की जानकारी मांगी गई है। जिले में पिछले पांच वर्ष के दौरान 79 करोड़ 68 लाख रूपए विधायक निधि में खर्च किए गए हैं। संभवतः खर्च की गई राशि की उपयोगिता का संसद में परीक्षण किया जाना है। जानकारों के अनुसार यह पहला अवसर है, जब महा लेखापरीक्षक द्वारा इस तरह की जानकारी चाही गई है।

भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक वर्ष



2025-26 की रिपोर्ट में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजना को भी एक विषय के रूप में शामिल करने की तैयारी है। इसके लिए प्रदेश की प्रत्येक विधानसभा में विधायक निधि से पिछले पांच साल में कराए गए कार्यों एवं खर्च की जानकारी चाही गई है। जिले में वित्तीय वर्ष 2021-22 से वर्ष 2025-26 तक सभी छह विधानसभाओं बिलासपुर, कोटा, बिल्हा, मस्तूरी, बेलतरा एवं तखतपुर में 79 करोड़ 68 लाख 3 हजार रूपए खर्च किए गए हैं। इस संबंध में मुख्यालय को जानकारी भेज दी गई है।

संभावना व्यक्त की जा रही है कि आगामी अप्रैल-मई में होने वाले संसद सत्र में इस विषय को प्रस्तुत किया जा सकता है। सूत्रों के अनुसार वर्ष 2011 में देश में हुए टूजी स्पेक्ट्रम घोटाले का भंडाफोड़ इसी तरह की रिपोर्ट में ही हुआ था।

### चाही गई जानकारी में क्या-क्या?

मुख्यालय द्वारा चाही गई जानकारी में जिला, विधानसभा का नाम, कार्य एजेंसी का नाम, वार्ड एवं नगर के नाम सहित कार्य का नाम, पंचायत एवं निकाय का नाम, जनपद पंचायत क्षेत्र का नाम, अनुशंसित राशि, प्रशासकीय स्वीकृति राशि एवं दिनांक, क्रियान्वयन एजेंसी को जारी राशि, क्रियान्वयन एजेंसी द्वारा खर्च की गई राशि का विवरण एवं कार्य की वर्तमान भौतिक स्थिति की जानकारी चाही गई है।

### पहली बार मांगी गई है जानकारी

विधायक निधि के अंतर्गत जिले की सभी विधानसभाओं में पिछले पांच वर्ष में खर्च की गई राशि की विस्तृत जानकारी मुख्यालय द्वारा चाही गई है। उक्त चाही गई जानकारी कहां प्रस्तुत की जाएगी इस बात की जानकारी नहीं है, लेकिन इस तरह की जानकारी पहली बार मांगी गई है।

**- एनके नेताम,** उपसंचालक जिला योजना एवं सांख्यकीय विभाग

## खबर संक्षेप

### कोडासर में गायत्री महायज्ञ संपन्न

**तखतपुर।** ग्राम कोडासर में 16 फरवरी को प्रातः 9 से 10 बजे तक रामनारायण साहू निवास स्थान पर सामूहिक साधना एवं 5 कुंडीय गायत्री महायज्ञ संपन्न हुआ इस अवसर पर नारायण प्रसाद पाली, साधु राम कौशिक, वरिष्ठ परिजन राम नारायण साहू सहित अन्य उपस्थित रहे।

### नरेश को मिली मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल

**मुंगेली।** ग्राम नवागांव के नरेश कुमार यादव के दिव्यांगता को



देखते हुए कलेक्टर कुन्दन कुमार ने समाज कल्याण विभाग के उप संचालक नदीम काजी को त्वरित कार्यवाही कर नरेश यादव को निःशुल्क मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल प्रदान करने के निर्देश दिए। निर्देश के परिपालन में विभाग द्वारा निःशुल्क मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल प्रदान किया गया। इससे नरेश के चेहरे में खुशी की लहर दिखाई दी। इस सहायक उपकरण ने उनके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन ला दिया। अब वे अपनी दैनिक दिनचर्या के साथ ही स्वतंत्र रूप से आवागमन कर पा रहे हैं। नरेश कुमार यादव ने कहा कि यह सहयोग उनके लिए केवल एक उपकरण नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर बनने का साधन है। उन्होंने जिला प्रशासन एवं समाज कल्याण विभाग के प्रति आभार व्यक्त करते किया।

### क्रीड़ा अधिकारी का बास्केटबॉल में चयन



**करगीरोड कोटा।** अखिल भारतीय सिविल सर्विसेज बास्केटबॉल पुरुष स्पर्धा का आयोजन 17 से 23 फ़रवरी तक आनंदवाश बास्केटबॉल सेंटर बाल भारती नई दिल्ली में किया जाएगा जिसमें चयन के लिए ट्रायल प्रतियोगिता 2 फ़रवरी को पुलिस लाइन बास्केटबॉल ग्राउंड रायपुर में आयोजित की गई थी। चयन प्रतियोगिता के पश्चात राष्ट्रीय प्रतियोगिता हेतु बास्केटबॉल टीम व कोच और मैनेजर सहित 28 सदस्यों का प्रशिक्षण शिविर 9 से 13 फरवरी तक पुलिस लाइन बास्केटबॉल ग्राउंड रायपुर में आयोजित किया गया। छत्तीसगढ़ शासन के लगभग 12 विभागों से 35 से भी अधिक अधिकारी एवं कर्मचारियों ने भाग लिया। ट्रायल पश्चात राष्ट्रीय प्रतियोगिता में सम्मिलित होने हेतु चयन सूची 9 फ़रवरी को संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जारी किया गया जिसमें शासकीय निरंजन केशरवानी महाविद्यालय कोटा के क्रीड़ा अधिकारी राजेश सिंह का नाम भी शामिल है। यह लगातार तीसरा अवसर रहा है की छत्तीसगढ़ राज्य

## स्वास्थ्य ही मानव जीवन की सबसे बड़ी संपत्ति : कौशिक

# स्वस्थ पंचायत सम्मेलन में शामिल हुए धरमलाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलदहा

स्वस्थ पंचायत सम्मेलन एवं जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन मंगल भवन में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक के मार्गदर्शन व ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण समिति के माध्यम से स्वस्थ पंचायत सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें सभापति मुंगेली अनिला देवेन्द्र राजपूत, सभापति मुंगेली अंबालिका साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष पथरिया हुलसी रघु वैष्णव, नगर पंचायत उपाध्यक्ष पथरिया मनोज पाण्डेय, भाजपा नेता निश्चल गुप्ता, खंड चिकित्सा अधिकारी ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर डॉ अमित लाल, जिला समन्वयक ललिता मेरावी, स्वस्थ पंचायत समन्वयक पथरिया सरोजनी वर्मा, ब्लॉक समन्वयक रामेश्वर सिंह ठाकुर व जानकी शर्मा, सभी मितानिन प्रशिक्षक, सभी मितानिन मौजूद रहे। कार्यक्रम अंतर्गत जनजागरण रैली निकाली गई। विधायक श्री कौशिक ने सभी आवेदनों का निराकरण



करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर कौशिक ने कार्यक्रम के दौरान मितानिन बहनों का श्रीफल भेंटकर सम्मान किया तथा उनके समर्पण, सेवा भाव और उत्कृष्ट कार्यों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया। उनके अथक प्रयासों से ही पंचायतें स्वस्थ, जागरूक और सशक्त बन रही हैं। उन्होंने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने में मितानिन बहनों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, टीकाकरण, पोषण जागरूकता तथा विभिन्न जनस्वास्थ्य अभियानों में उनका योगदान अतुलनीय है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य ही मानव जीवन की सबसे बड़ी संपत्ति है। यदि हमारा शरीर स्वस्थ है, तो हम अपने परिवार, समाज और राष्ट्र के विकास में सक्रिय योगदान दे सकते हैं। हमारी ग्राम पंचायत की जिम्मेदारी केवल विकास कार्यों तक सीमित नहीं है, बल्कि स्वच्छता, पोषण, टीकाकरण और प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करना भी हमारा कर्तव्य है। स्वच्छ पेयजल, शौचालयों का उपयोग, नियमित टीकाकरण, गर्भवती माताओं की देखभाल तथा बच्चों के पोषण पर विशेष ध्यान देना आवश्यक है। हमें यह भी समझना होगा कि "रोग से बचाव, उपचार से बेहतर है।"

## कौशिक की अनुशंसा पर बिल्हा को मिली 68 करोड़ 43 लाख की सौगात

पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक कि अनुशंसा पर बिल्हा विधानसभा अंतर्गत केंद्रीय सड़क निधि योजना के तहत बिल्हा विकासखंड में स्वीकृत सिरगिट्टी, सरवानी, पासिद, बरतोरी एवं दगोरी मार्ग के 28 किलोमीटर लंबी सड़क निर्माण कार्य के भूमिपूजन किया इस मौके पर श्री कौशिक ने मुख्यमंत्री विष्णु देव



साय, केंद्रीय मंत्री तोखन साहू, उपमुख्यमंत्री अरुण साव का आभार माना है जिनके विशेष सहयोग से संभव हो सका। इस मौके पर श्री कौशिक ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि लगभग 68 करोड़ 43 लाख रुपये की लागत से निर्मित होने वाला यह महत्वपूर्ण मार्ग क्षेत्र के विकास में मील का पत्थर सिद्ध होगा। उन्होंने किसी भी क्षेत्र, प्रदेश और देश के विकास की राह गांवों के सर्वांगीण विकास से होकर गुजरती है। सरकार का संकल्प है कि छत्तीसगढ़ के प्रत्येक गांव तक सुरक्षित, सुदृढ़ और सर्व मौसम सड़क संपर्क सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि बारहमासी सड़कों से ग्रामीणों को बाजार, स्वास्थ्य सेवाओं, शिक्षा, पोषण, आपदा प्रबंधन और दैनिक आवागमन में व्यापक सुविधा मिलेगी, जिससे सामाजिक.आर्थिक विकास को गति मिलेगी। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ क्रेडा अध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी, भाजपा कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासीगण उपस्थित रहे।

## अरपा उद्गम स्थल में मनाया गया महोत्सव



**गौरेला।** जिला मुख्यालय गौरेला के ग्राम खोडरी में अरपा उद्गम स्थल पर अरपा महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। तीन दिवसीय महोत्सव का 10 फरवरी को समापन हुआ।

सिद्ध बाबा आश्रम खोडरी में भोलेनाथ की पूजा एवं रुद्राभिषेक किया गया। दोपहर 2 बजे अरपा मैया की महाआरती की गई जिसमें समस्त ग्रामवासी श्रद्धापूर्वक शामिल हुए। जय अरपा मैया का उद्घोष किया गया। ग्राम पंचायत सरपंच एवं ग्राम वासियों ने इस अवसर पर मेले का आयोजन किया जिसमें गौरेला सहित आसपास के क्षेत्र के लोग शामिल हुए। महोत्सव में मंचीय कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। अरपा उद्गम स्थल पर मां अरपा अरपा पैरीं के गीत से शुरू हुआ मेले का आयोजन और तीन दिवसीय रामायण गायन का आयोजन किया गया जिसमें आसपास क्षेत्रों से आई रामायण मंडली के द्वारा सुंदर प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कोटा विधानसभा के विधायक अटल श्रीवास्तव ने कहा कि 4 वर्ष पूर्व भी मैं यहां आया था उसे समय आयोजन छोटे रूप में था। आज 4 गुना बड़े रूप में है और आने वाले सालों में बृहद रूप में इसका आयोजन होगा। आयोजन में कोटा विधानसभा के विधायक प्रतिनिधि पंकज तिवारी, बब्लू पाण्डेय, खोडरी पंचायत की सरपंच दिब्या पेन्द्रो, अनसर जुजियानी, राजेश यादव, जनपद पंचायत सदस्य गणेश मार्को, तेज राजपूत, संतोष वर्मा एवं अरपा उद्गम समिति के अध्यक्ष व सदस्य एवं आसपास के क्षेत्र वासियों की अपार मौजूदगी के साथ सफल हुआ।

## कोटा गर्ल्स स्कूल में 116 छात्राओं को दी गई निःशुल्क साइकिल

**करगीरोड कोटा।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सरस्वती साइकिल योजना के तहत 116 छात्राओं को शासन की ओर से निःशुल्क साइकिल प्रदान की गई। साथ ही नगर के प्रतिष्ठित समाजसेवी विष्णु अग्रवाल ने 1 लाख रुपए की लागत से निर्मित साइकिल स्टैंड का लोकार्पण किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अध्यक्ष वन विकास निगम एवं पूर्व गृह मंत्री राम सेवक पैकरा थे। अध्यक्षता नगर पालिका परिषद अध्यक्ष सरोज दुर्गेश साहू ने की। कार्यक्रम में शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष भाजपा मंडल महामंत्री सुलेश पाण्डेय, बजरंग लाल जायसवाल मंडल अध्यक्ष, महाराज नायक जिला मंत्री निलेश भार्गव





मंडल महामंत्री, दुर्गेश साहू सांसद प्रतिनिधि, विष्णु अग्रवाल समाजसेवी, सचिन जैन कोषाध्यक्ष भाजपा कोटा मंडल , रामलाल साहू पूर्व प्रदेश कार्य समिति, रामकुमार साहू जिला कार्यक्रम समिति बैकुंठ नाथ जायसवाल पूर्व जनपद अध्यक्ष, मोहन श्रीवास पूर्व मंडी अध्यक्ष, अंजना चौकसे पार्षद, वेंकटलाल अग्रवाल पार्षद, गिरिराज पुरी गोस्वामी पार्षद, राम कुशल साहू पूर्व महामंत्री कौशल साहू अध्यक्ष एसएमडीसी अमने, अमन अग्रहरि स्वयंसेवक, देव किशन साहू मंडल महामंत्री, सूरज साहू, कमल आहूजा, मोहन कोरी, विनोद गुप्ता, सतीश तिवारी, उत्तम प्रजापति, विश्वनाथ पटेल, जय मरावी, ज्ञान सिंह ध्रुव में आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर संस्था की छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की आकर्षक प्रस्तुति दी गई। संस्था की प्राचार्य आशा दत्ता द्वारा स्वागत उद्बोधन एवं सुलेश पाण्डेय अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति द्वारा आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में विभाग की ओर से विकासखंड शिक्षा अधिकारी नरेंद्र मिश्रा, राजकुमार कोरी संकुल समन्वयक व विद्यालय के सभी व्याख्याता, शिक्षक प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन व्याख्याता डॉ. रामबाबू गुप्ता ने किया।

## हौसले बुलंद करो, मंज़िल खुद रास्ता देगी: लहरिया

**सीपत।** शासकीय मदनलाल शुक्ल महाविद्यालय में शुक्रवार को वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मस्तूरी विधायक दिलीप लहरिया थे।

श्री लहरिया ने कहा कि छात्र जीवन अमूल्य है। यह दोबारा नहीं मिलता। इस समय का सदुपयोग कर अपने माता पिता और गुरुजनों का नाम रोशन करें। लक्ष्य तय करें, पीछे मुड़कर न देखें , अनुशासन और योजना के साथ आगे बढ़ेंगे तो मंज़िल निश्चित मिलेगी। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजीव शंकर खेर ने स्वागत भाषण दिया। पूर्व छात्र वीरेंद्र सूर्या के नेतृत्व में बॉटनी एवं जूलॉजी विषय में स्नातकोत्तर (एमएससी) पाठ्यक्रम प्रारंभ करने तथा पोस्ट मैट्रिक छात्रावास की मांग प्रमुखता से रखी गई। सांस्कृतिक कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने छत्तीसगढ़ की समृद्ध परंपरा को जीवंत कर दिया। पंथी, कर्मा, सुवा, छत्तीसगढ़ी लोकनृत्य के साथ कथक, राजस्थानी, गुजराती और पंजाबी नृत्यों की आकर्षक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। सुमधुर गीतों और रंगारंग परिधानों से सजा मंच तालियों की गूंज से





गूंजता रहा। विशिष्ट अतिथि जनपद सभापति मनोज खरे ने कहा कि यह मंच विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने का सशक्त माध्यम है। सरपंच मनीषा योगेश वंशकार ने कहा कि छात्र जीवन में शिक्षा ही राष्ट्र और प्रदेश के विकास की आधारशिला है। समारोह को जनपद अध्यक्ष सोनवानी सोनवानी एवं जिला पंचायत प्रतिनिधि सूर्या ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में पत्रकार हिमांशु गुप्ता, आशुतोष गुप्ता, हरीश गुप्ता सहित क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, शिक्षक, छात्र-छात्राएं, अभिभावक और पूर्व छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का प्रभावी संचालन रासेयो अधिकारी शत्रुहन घृतलहरे एवं छात्रा रश्मि ठाकुर ने किया।

## पोर्ते कॉलेज के वार्षिकोत्सव में विद्यार्थियों ने दी रंगारंग प्रस्तुति



**पेंड्रा।** डॉ भंवर सिंह पोर्ते महाविद्यालय में कई वर्षों के अंतराल के बाद वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। यह आयोजन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के कार्यकर्ताओं के विशेष प्रयासों से संभव हो सका।

कार्यक्रम में अतिथि के रूप में नपा अध्यक्ष राकेश जालान शामिल हुए एवं बच्चो को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष समीरा पैकरा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष राजा उपेन्द्र बहादुर, जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष राकेश चतुर्वेदी एवं अमरपुर सरपंच कोमल परदेशी भी उपस्थित रहे। इस मौके पर नगर मंत्री श्रेयांश पांडेय, नगर सह मंत्री आदित्य चतुर्वेदी, नील नामदेव, शुभम कौशिक, वैभव यादव, आयुष चंद्रा, श्रद्धा दुबे, कृष्णा मिश्रा, आंचल राठौर, साधना राठौर, श्याम गुप्ता, आंचल यादव एवं आयुष साहू सहित अन्य मौजूद रहे।

## कोयले से भरी मालगाड़ी में लगी आग



**पेंड्रा।** हर्री रेलवे स्टेशन पर शुक्रवार दोपहर लगभग 2:30 बजे कोयले से भरी एक मालगाड़ी में अचानक आग लग गई। घटना की सूचना मिलते ही रेलवे प्रशासन और स्थानीय अमला तत्काल सक्रिय हो गया।

रेलवे स्टेशन मास्टर द्वारा सूचना दिए जाने पर नगरपालिका परिषद पेंड्रा ने तुरंत अपनी फायर ब्रिगेड वाहन को घटनास्थल के लिए रवाना किया। दमकल चालक सुशील श्रीवास्तव ने मौके पर पहुंचकर त्वरित एवं कुशल कार्रवाई करते हुए आग पर समय रहते नियंत्रण पा लिया। दमकल की तत्परता के चलते संभावित बड़ी दुर्घटना टल गई और स्थिति को पूरी तरह सुरक्षित कर लिया गया। आग पर काबू पाने के बाद रेलवे प्रशासन ने भी राहत की सांस ली। उल्लेखनीय है कि सुशील श्रीवास्तव पिछले एक दशक से अधिक समय से दमकल वाहन का संचालन कर रहे हैं। आपात स्थितियों में उनकी सक्रियता और अनुभव नगर की सुरक्षा के लिए लगातार महत्वपूर्ण साबित होते रहे हैं।

## अमोरा शाला परिवार ने किया जयललिता का सम्मान

**तखतपुर।** अमोरा शाला परिवार ने कुमारी जयललिता साहू का सम्मान किया। जयललिता साहू का चयन प्रथम प्रयास में ही सेना के भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल में पिछले वर्ष हुआ। एक वर्ष का प्रशिक्षण पूर्ण कर उत्तराखण्ड में पदस्थापना हुई है। अभी अपने गृह ग्राम भिलाई (अमोरा )आगमन हुआ इसके पश्चात सेना के जवान द्वारा अपने शाला में आकर अपने शिक्षकों से सौजन्य भेंट की। ज्ञात हो कि शाउमा शाला अमोरा में बारहवीं तक पढ़ीं जय ललीता साहू का अपने शाला व शिक्षकों के प्रति प्रेम को देख कर शाला के प्राचार्य पीडी कौशिक व उपप्राचार्य गोपेन्द्र श्रीवास संकुल समन्वयक परमेश्वर पटेल व्याख्याता वायएन गढ़ेवाल एलएन पटेल एस देवांगन आर उपाध्याय एन निर्मलकर डाक्टर डी बैरागी भाव विभोर हो गए। सम्मान समारोह में प्रधान पाठक रमेश श्रीवास शिक्षक अश्वनी साहू कुलदीप पटेल धनकुमार पटेल. भुनेश्वर भट्ट राजकुमार पाण्डेय. अंकित साहू



लक्ष्मीनारायण यादव. हेमलता पटेल. हरक राम सिदार. राजेंद्र पटेल सोनीलाल साहू सहित सभी शिक्षक व छात्र उपस्थित रहे।

## निधन

### अर्चना पाण्डेय

बिलासपुर। ग्राम बनारी जिला जांजगीर–चांपा निवासी अर्चना



पाण्डेय का 13 फरवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार उनके गृह ग्राम बनारी में किया गया। वे गोपाल प्रसाद पाण्डेय की पुत्रवधु, रविकांत पाण्डेय की धर्मपत्नी, राधेश्याम दुबे की सुपुत्री तथा आदित्य दुबे एवं आदर्श दुबे की बहन थीं।

### परमिला गेडाम

बिलासपुर। तारबाहर दुर्गा पंडाल



निवासी परमिला गेडाम का निधन हो गया। वे 58 वर्ष की थीं। उनकी अंतिम यात्रा 14 फरवरी को दोपहर 12 बजे तारबाहर से सरकंडा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे नितेश गेडाम की माता थीं।

### सत्ते सिंह नेताम

तखतपुर। ग्राम बेलसरी निवासी सत्ते सिंह नेताम का 100 वर्ष की आयु में 13 फरवरी को निधन हो गया। वे आर के नेताम, धनकुंवर, चित्ररेखा के पिता थे। इनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया।

## पार्टी की मजबूती के लिए टीम वर्क के साथ करें काम: अटल



**करगीरोड कोटा।** कोटा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के तीन मंडल तेंदुआ, करगीकला, गोबरीपाठ मंडल के मंडल अध्यक्ष सेक्टर अध्यक्ष बूथ अध्यक्षों एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं का कार्यकर्ता सम्मेलन करगी कला में स्व. नीरज राजपूत के प्लाट में आयोजित किया गया। कार्यशाला में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यकर्ता सम्मेलन को कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव ने संबोधित किया। उन्होंने कहा बूथ सेक्टर मंडल ब्लॉक टीम वर्क के साथ काम करें और पार्टी की मजबूती के साथ जनहित के मुद्दों पर कार्य करें। जिला अध्यक्ष महेंद गंगोत्री ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए पार्टी को बूथ स्तर पर मज़बूत करने की रणनीति बनाने पर जोर दिया ।कार्यकर्ता सम्मेलन में ब्लॉक अध्यक्ष अरुण त्रिवेदी , रिंकू दीक्षित बाबा सोनी संजू चौहान पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष आदित्य दीक्षित, मंडल अध्यक्ष भरत पटेल, राजू सिदार, परमेश्वर मिरि संतोष बघेल फागराम पाटले आर आर मीरी उत्तम चतुर्वेदानी सुरेश चौहान अजय चौहान सुखनंदन खूंटे कमुंद निरंजन लहरें चिंता राम ध्रुव लक्ष्मण खांडे सुखीराम मरावी देवा सुनीता निर्गुण अनीता बारी सालिक सूकवारा यादव पिंटू मरकाम महेश कर्मकर हंसराज साहू देवेन्द्र साहू छविलाल साहू कृष्णा नेटी रवि सोनी गुरु दास अजय खांडे मनोज कुर्रे अशोक अनंत कुसमाकर यादव देव कुमार श्रवण निर्मलकर आदि मौजूद थे।

## राय स्टेपिंग स्टोन स्कूल में मना वार्षिक उत्सव



**पेंड्रा।** राय स्टेपिंग स्टोन इंग्लिश मीडियम स्कूल में वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। इंडियन कल्चरल्स थीम पर आधारित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने भारत की विविध सांस्कृतिक छटा का मनमोहक प्रदर्शन किया। विद्यालय की प्राचार्य विजया रानी राय एवं डायरेक्टर उत्तम कुमार राय की उपस्थिति में समारोह का औपचारिक आरंभ किया गया। मुख्य अतिथि धर्माचार्य स्वामी कृष्णा प्रपन्नाचार्य तथा विशिष्ट अतिथि जिला अध्यक्ष विश्व हिंदू परिषद हर्ष छाबरिया थे। वरिष्ठ समाजसेवी कृष्ण कुमार साहू ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। समारोह में डॉ. करण सिंह पेंड्रो (पूर्व सीएमएचओ), जितेंद्र शुक्ला, पवन सिंह राठौड़, रविंद्र केवर्त, दीपक कौशिक, विनोद गिर, कुंवारे लाल, यशवंत आर्मो, छत्रपाल यादव, देवरी कला की सरपंच श्यामवती मार्को, बृजेश पुरी, निखिल परिहार मौजूद थे।

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार बिलासपुर (छ.ग.)**

**// ईश्तहार//**

क्रमांक/ / अति.तह. / वा./2026
बिलासपुर, दिनांक 2026

ग्राम सिरगिट्टी के सर्व साधारण / आम जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम सिरगिट्टी प.ह.नं. 41 तहसील बिलासपुर स्थित भूमि ख.न. 73/5 119/1 रकबा 0.1620 0.0280 एकड़ भूमि की द्वितीय प्रति किसान किताब के लिए लक्ष्मी मांडले आ. स्व.लखन लाल निवासी तारबाहर गुरूघासीदास मंदिर के पास बिलासपुर द्वारा आवेदन किया गया।

यदि किसी व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/ दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनाँक 23/02/26 को सुबह 11.00 स्वय अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित हो कर आपत्ति/ दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेगे।

आज दिनाँक 09/02/ 2026 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

**अतिरिक्त तहसीलदार**
**बिलासपुर( छ.ग.)**

**न्यायालय नायब तहसीलदार पथरिया तहसील पथरिया जिला मुंगेली (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. 202511251800009/अ-27/2025-26
ग्राम ढोठमा प.ह.नं. 02

**// समाचार पत्र के माध्यम से नोटिस //**

प्रति,

फागुराम, लोकराम, चोवाराम, दुकलहाराम, मथुराप्रसाद, रविशंकर, शशीकुमार सभी के पिता गेंदराम जाति तेली निवासी ग्राम ढोठमा तहसील पथरिया जिला-मुंगेली (छ.ग.)

एतद् द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि आवेदिका दुखिया बाई पुत्री गेंदराम जाति तेली निवासी ग्राम ढोठमा तहसील पथरिया जिला मुंगेली (छ.ग.) द्वारा ग्राम ढोठमा तहसील पथरिया जिला मुंगेली (छ.ग.) अंतर्गत खसरा/रकबा 183/3 (0.0180), 230(0.1130), 425/5(0.4050), 15(0.7210), 403(0.8980) हेक्टेयर भूमि जो वर्तमान राजस्व अभिलेख में उभय पक्षकार गण फागुराम, लोकराम, चोवाराम, दुकलहाराम, मथुराप्रसाद, रविशंकर, शशीकुमार पी गेंदराम, दुखिया पु गेंदराम के नाम पर दर्ज है। वाद्भूमि का खाता विभाजन किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है जिसमे आगामी सुनवाई तिथि 17/02/2026 को नियत है। अतः इस न्यायालय में उक्त तिथि को प्रातः 11 बजे उपस्थित होवें | अनुपस्थित होने की दशा में एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी ।

आज दिनांक 03/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा के अधीन जारी किया ।

**तहसीलदार पथरिया**
**पथरिया जिला मुंगेली (छ.ग.)**

**न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**// ईश्तहार**

क्रमांक/क/तह. / वा. / 2026
बिलासपुर, दिनांक 06/02/2026

ग्राम लिगिंयाडीह के सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम लिंगियाडीह प.ह.नं. 31 तहसील व जिला बिलासपुर द्वारा स्थित भूमि खसरा नंबर 15/666 रकबा 1440 वर्गफीट भूमि का छ.ग.भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 115 के तहत अभिलेख दुरूस्ती हेतु आवेदक श्री देब नारायण दत्ता पिता स्व. श्री रंजित कुमार दत्ता निवासी वार्ड नं. 19 शिव चौक सलखन जिला-जांजगीर-चांपा छत्तीसगढ़ के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया।

यदि किसी व्यक्ति / संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/ दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनाँक 27/02/2026 को सुबह 11.00 स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति / दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेंगे।

आज दिनाँक 06/02/2026 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

**तहसीलदार**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय अतिरिक्त कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)**

**विवाह सूचना का प्रकाशन**

क्रमांक क/ /वाचक/अति-कले/2026,
बिलासपुर, दिनांक 02 .02 .2026

श्री रविन्द्र पाटनकर आत्मज स्व. किशोर पाटनकर माता श्रीमती सरोज पाटनकर उम्र 40 वर्ष निवासी दीनदयाल कॉलोनी मंगला म.न. ईडब्ल्यूएस 79 थाना सिविल लाईन तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) एवं कुमारी प्रियंका फाटक पिता श्री गोविन्द फाटक उम्र 37 वर्ष निवासी पवित्र नगर न्यू नेहरू नगर उमरपोटी दुर्ग थाना नेवई तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. पिन 491107

द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा-5 के तहत सूचना पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः प्राप्त सूचना का प्रकाशन सर्व साधारण के लिए दैनिक समाचार पत्र में किया जाता है। इस विवाह के संबंध में यदि कोई आपत्ति या दावा हो तो अपनी आपत्ति/दावा इस कार्यालय में दिनांक 09.03.2026 को प्रातः 11:00 बजे प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति / दावा पर कोई विचार करना संभव नहीं होगा।



रविन्द्र पाटनकर



प्रियंका फाटक

**विवाह अधिकारी**
**बिलासपुर (छत्तीसगढ़)**

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेंटर - कृष्णा टॉकिज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
(MEDICAL REIMBURSEMENTS)

बिलासपुर, शनिवार 14 फरवरी 2026

# हरिभूमि लाइव

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255

## मातृशक्तियों ने किया सम्मान

शिवाजी महाराज पर केंद्रित भव्य महानाट्य पर मराठा समाज के मातृ शक्तियों द्वारा अतिथियों का सम्मान किया गया। इन्होंने कहा कि इतिहास को जानने का यह अनुठा प्रयोग नाट्यमंचन जिसमें हर वर्ग के लोगों ने इसे देखा। शिवाजी महराज के शौर्य का करीब से जानने मिला।

**राष्ट्रभावना से गूंजा शहर**

# तीन दिवसीय महानाट्य 'जाणता राजा' का भव्य आगाज़





हिंदवी स्वराज के संस्थापक छत्रपति शिवाजी महाराज के अद्वितीय जीवन, पराक्रम और आदर्शों पर आधारित विश्व-प्रसिद्ध ऐतिहासिक महानाट्य 'जाणता राजा' का भव्य शुभारंभ हुआ। प्रथम दिवस से ही इस विराट प्रस्तुति ने जन-जन को राष्ट्रभावना, न्याय और स्वराज के संकल्प से जोड़ते हुए भावविभोर कर दिया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक धरमलाल कौशिक, सुशांत शुक्ला, विश्वविजय सिंह तोमर, भूपेश सव्वनी एवं जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। साथ ही कलेक्टर संजय अग्रवाल, जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह, तथा नगर निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे सहित प्रशासनिक अधिकारी भी कार्यक्रम में शामिल हुए। बिलासपुर संभाग के विभिन्न जिलों से हजारों की संख्या में नागरिकों ने भागीदारी कर इस ऐतिहासिक प्रस्तुति के साक्षी बनें।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा भारत माता, छत्तीसगढ़ महतारी एवं स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण से हुआ। इसके पश्चात माँ भवानी की आरती के साथ विधिवत मंचन प्रारंभ किया गया। लगभग तीन घंटे तक चले इस भव्य महानाट्य ने आरंभ से अंत तक दर्शकों को भावनात्मक रूप से बांधे रखा। विशाल मंच सज्जा, सजीव युद्ध दृश्य, प्रभावशाली प्रकाश एवं ध्वनि संयोजन, सशक्त संवाद अदायगी तथा लोकगीतों और भजनों की प्रस्तुति ने वातावरण को जीवंत बना दिया। राष्ट्रवाद, रामराज्य की प्रेरणा, स्वराज और न्याय के संदेश को जिस प्रभावी शैली में प्रस्तुत किया गया, उसने दर्शक-दीर्घा को बार-बार तालियों की गूंज से भर दिया। राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष विश्व विजय सिंह ने जानकारी दी कि यह ऐतिहासिक महानाट्य 15 फरवरी की शाम तक आयोजित होगा। उन्होंने आम नागरिकों से सपरिवार उपस्थित होकर इस भव्य सांस्कृतिक आयोजन का हिस्सा बनने और शिवाजी महाराज के आदर्शों से प्रेरणा लेने की अपील की।

बिलासपुर में पहली बार आयोजित इस विराट ऐतिहासिक प्रस्तुति ने न केवल सांस्कृतिक चेतना को जागृत किया, बल्कि नई पीढ़ी को स्वाभिमान, नेतृत्व और राष्ट्रसेवा के मूल्यों से भी जोड़ने का प्रभावी प्रयास किया है।

**धर्म-क्षेत्र**

## विजया एकादशी पर व्रत रख की पूजा, खाटू श्याम का भव्य श्रृंगार

**बिलासपुर।** फाल्गुन कृष्ण पक्ष की विजया एकादशी शुक्रवार को मनाई गई,महिलाओं ने दिनभर उपवास रख संध्या को भगवान की पूजा की। खाटू श्याम मंदिर में बाबा का भव्य श्रृंगार भी किया गया। भक्तों ने सुबह से ही एकादशी पर माथ टेक बाबा का आशीर्वाद लिया। धार्मिक मान्यता



है कि इस दिन व्रत एवं विधिपूर्वक पूजा करने से साधक को प्रत्येक कार्य में विजय प्राप्त होती है और भगवान विष्णु की विशेष कृपा प्राप्त होती है। पंडित ने बताया कि विजया एकादशी का व्रत विशेष रूप से सफलता, बाधा निवारण और मनोकामना पूर्ति के लिए किया जाता है। विजया एकादशी व्रत कथा ऐसा कहा जाता है कि त्रेतायुग में जब भगवान श्री रामलंका पर चढ़ाई करने के लिए समुद्र तट पर पहुँचे, तब मर्यादा पुरुषोत्तम ने समुद्र देवता से मार्ग देने की प्रार्थना की परन्तु समुद्र देव ने श्री राम वकदालभ्य मुनि की आज्ञा के अनुसार विजय एकादशी का व्रत विधि पूर्वक किया। जिसके प्रभाव से समुद्र ने प्रभु राम को मार्ग प्रदान किया।

**जागरूकता**

## स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग करने का आह्वान कर निकाली रैली




**बिलासपुर।** स्वदेशी जागरण मंच बिलासपुर ने आगामी आने वाले त्यौहार होली को लेकर स्वदेशी जागरुक रैली निकाली। रैली महामाया चौक से होते हुए नूतन चौक तक गई। जिसमें लोगों से स्वदेशी वस्तुओं का ही उपयोग करने की अपील की गई। रैली के दौरान स्थानीय सभी दुकानों में जाकर स्वदेशी विदेशी का पर्चा देकर इस होली त्यौहार स्वदेशी वस्तुओं को प्राथमिकता देने की बात कही गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से स्वदेशी जागरण मंच के संभाग प्रमुख डॉ सुशील श्रीवास्तव, संभाग महिला प्रमुख नीता श्रीवास्तव, संभाग युवा आयाम प्रमुख डॉ देवेन्द्र कौशिक, संभाग समन्वयक भृगु अवस्थी, जिला संयोजक नारायण गोस्वामी, नगर संयोजिका सुमन द्विवेदी, नगर संयोजक धीरेन्द्र केसरवानी सहित स्वदेशी जागरण मंच के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

**शिविर**

## सकारात्मक संकल्प से घर को स्वर्ग बनाने का संदेश



**बिलासपुर।** महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में ब्रह्माकुमारीज मेडिटेशन ट्रेनिंग सेंटर रघुविहार द्वारा 12 से 16 फरवरी तक 5 दिवसीय शिवमंगल मिलन मेला का आयोजन किया गया है। मेले के प्रथम दिवस नारी शक्ति सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया । जिसके अंतर्गत "मेरा घर मेरा स्वर्ग" विषय पर विशेष वर्कशॉप आयोजित की गई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नागेश्वरी साहू भाजपा जिला उपाध्यक्ष बिलासपुर व सेंटर इंचार्ज तोरवा बी.के. राखी दीदी मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहीं। मंच पर आयोजन समिति के अध्यक्ष बी.के. विकास भाई एवं तालापारा सेंटर इंचार्ज बी.के. रमा दीदी की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का उद्देश्य परिवारों में आध्यात्मिक मूल्यों का जागरण, सकारात्मक सोच का विकास, नारी शक्तियों को परिवार व समाज निर्माण की सशक्त आधारशिला के रूप में जागरूक करना रहा। इस अवसर पर यह संदेश दिया गया कि जब घर का वातावरण शांति, प्रेम और संस्कारों से भरता है, तभी वह वास्तविक रूप से "स्वर्ग" बनता है और हमारी संस्था इसी उद्देश्य पर कार्यरत है।

**आयोजन**

## यज्ञशाला बनी सामाजिक सद्भाव की साक्षी



**बिलासपुर।** यज्ञशाला परिसर में सामूहिक सामाजिक बैठक का आयोजन किया गया। सर्व समाज के समाज प्रमुख उपस्थित रहे बैठक में मुख्य अतिथि राजकुमार मटाले और डॉ राजकुमार सचदेव मंचस्थ रहे। श्री मटाले ने कहा की समाज को सही दिशा देने वाले और सुझाव देने वाले ही राष्ट्र की उन्नति में भागीदारी निभाते हैं। भारत एक प्राचीन और पवित्र भूमि है जिसमें सामाजिक सद्भाव के लक्षण देखने को मिलते हैं। हमारा सौभाग्य है की हमने इस भूमि में जन्म लिया। देवता भी इस भूमि में जन्म लेने को तरस्ते हैं। भारत भूमि के लोगों के रग रग में श्री राम निवास करते हैं। श्री राम ने केवट का आलिंगन कर और मां शबरी के बर खाकर सद्भाव का उदाहरण प्रस्तुत किया। बैठक को अनेक समाज प्रमुखों ने संबोधित किया। श्री रहस्य गढ़वाल, राम रतन भारद्वाज, जय शिकारी, राम प्रसाद साहू, संतोष कुमार सूर्यवंशी, राम साहू, सुंदरलाल साहू, मिलन विश्वकर्मा, विश्राम निर्मलकर, पंचरामसाहू, हर प्रसाद केवट, चैतराम साहू, दिलीप कुमार, सुरेश कुमार राय, राम लोचन श्रीवास आदि समाज प्रमुखों ने संबोधित किया।

# संस्कृति से जुड़ा विद्यार्थी ही कर सकता है समाज का सशक्त नेतृत्व : अमर

**बिलासपुर।** सीएमडी कॉलेज में आयोजित तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव 'ताल 2.0'का समापन दिवस सांस्कृतिक वैभव, अनुशासन और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। शुक्रवार को महाविद्यालय परिसर में ऊर्जा, उल्लास और रचनात्मकता का अभूतपूर्व संगम देखने को मिला। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक अमर अग्रवाल एवं कलेक्टर संजय अग्रवाल की उपस्थिति रही।

विशिष्ट अतिथि के रूप में महापौर पूजा विधानी, साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के प्रधान मुख्य संरक्षक अनूप कुमार सतपति, प्रशासकीय समिति अध्यक्ष डॉ संजय दुबे, प्रशासकीय समिति उपाध्यक्ष एसपी चतुर्वेदी, प्रशासकीय समिति सदस्य अमन दुबे, प्राचार्य डॉ संजय सिंह, बीएड प्राचार्या डॉ अंजली चतुर्वेदी की उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। विधायक अमर अग्रवाल ने कहा कि शिक्षा के साथ संस्कृति का समन्वय ही एक संतुलित और सशक्त व्यक्तित्व का निर्माण करता है। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने कौशल को पहचानकर निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करते हैं। उन्होंने महाविद्यालय की अनुशासन व्यवस्था और आयोजन क्षमता की सराहना करते हुए युवाओं को नवाचार एवं राष्ट्र निर्माण में





सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। मेयर पूजा विधानी ने नगर स्तर पर युवाओं की सकारात्मक भागीदारी की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि जब युवा सांस्कृतिक और सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय रहते हैं, तब शहर और समाज दोनों प्रगति की दिशा में आगे बढ़ते हैं। उक्त समस्त कार्यक्रम में डॉ हर्षा शर्मा, डॉ विभा सिंह, डॉ राजेश शुक्ला, डॉ आदित्य दुबे, डॉ सुमेला चटर्जी, डॉ यशस्वी मिश्रा, डॉ. प्रियदर्शनी कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों ने सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### शिक्षा के साथ संस्कार संस्कृति का समन्वय

डॉ संजय दुबे जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षा केवल डिग्री प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण की सशक्त प्रक्रिया है। उन्होंने महाविद्यालय की गौरवशाली परंपरा, अनुशासन और सांस्कृतिक मूल्यों की सराहना करते हुए कहा कि जब शिक्षा के साथ संस्कार और संस्कृति का समन्वय होता है, तभी विद्यार्थी सर्वांगीण विकास की ओर अग्रसर होते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को निरंतर परिश्रम, अनुशासन और समर्पण के साथ जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

### रंगारंग प्रस्तुतियों ने बाँधा समां

तीसरे दिन की प्रस्तुतियों में रक्त चरित्र नृत्य, घूमर, पंजाबी डांस, गुजराती डांस, अप्सरा अली सीजी डांस, एनसीसी सोलो सॉन्ग, एनसीसी ग्रुप डोला रे डोला, हरियाणवी डांस, क्लासिकल डांस, बॉलीवुड रिमिक्स, तमिल मिक्स, करमा नृत्य एवं साउथ इंडियन डांस जैसी विविध रंगों से सजी प्रस्तुतियाँ शामिल रहीं। एनसीसी कैडेट्स ने अनुशासन और समर्पण का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए दर्शकों की खूब सराहना प्राप्त की।



## लक्ष्य प्राप्ति के लिए कठोर मेहनत करने पर जोर

**बिलासपुर ।** शासकीय जे पी. वर्मा स्नातकोत्तर महाविद्यालय बिलासपुर में शुक्रवार को वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम दो सत्रों में संपन्न हुआ। इस दौरान बच्चों ने एक से बढ़ कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर माहौल बनाया। मुख्य अतिथि नगर विधायक अमर अग्रवाल ने लक्ष्य प्राप्ति के लिए कठोर मेहनत करने पर जोर दिया।

- बच्चों ने दी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति

प्रथम सत्र के मुख्य अतिथि विधायक बिलासपुर अमर अग्रवाल रहे। द्वितीय सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में संजय पांडेय की उपस्थिति रही। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में "विकसित भारत" के निर्माण हेतु युवाओं से आधुनिक प्रौद्योगिकी एवं नवीन तकनीकों को अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने विद्यार्थियों को नवाचार, अनुसंधान एवं डिजिटल कौशल में दक्ष बनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विद्यार्थियों को लक्ष्य प्राप्ति के लिए कठोर मेहनत करने पर जोर दिया। प्राचार्य डॉ. एसएल. निराला ने अपने प्रतिवेदन में महाविद्यालय की उल्लेखनीय प्रगति पर प्रकाश डाला और बताया कि विश्वविद्यालय की विगत वर्ष की मेरिट सूची में महाविद्यालय के 10 विद्यार्थियों ने स्थान प्राप्त कर संस्थान का गौरव बढ़ाया है। खेलकूद के क्षेत्र में 36 विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय स्तर तथा 27 विद्यार्थियों ने राज्य स्तर पर भाग लिया। अंतर महाविद्यालयीन हैंडबॉल एवं नेटबॉल प्रतियोगिताओं में महिला एवं पुरुष वर्ग में महाविद्यालय विजेता एवं खो-खो पुरुष वर्ग में उपविजेता रहा। अंत में छात्रसंघ प्रभारी डॉ मनोज कुमार साहू ने आभार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

**राज्य स्तरीय सेवन साइड हॉकी प्रतियोगिता**

## बिलासपुर व राजनांदगांव के बीच होगा फाइनल आज



**स्पोर्ट्स न्यूज**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

राज्य स्तरीय सेवन साइड हॉकी प्रतियोगिता में नगर हॉकी संघ बिलासपुर और राजनांदगांव हॉकी की टीम ने सेमीफाइनल में अपने-अपने मैच जीतकर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। इन दोनों टीम के बीच फाइनल मुकाबला शनिवार को खेला जाएगा।

स्वर्गीय मिर्जा हसन बेग की स्मृति में यूथ कप राज्य स्तरीय सेवन साइड हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन छत्तीसगढ़ स्कूल के मैदान में किया जा रहा है। प्रतियोगिता के दौरान शुक्रवार की दोपहर दो सेमीफाइनल मुकाबले खेले गए। इसमें पहला सेमीफाइनल मैच हॉकी राजनांदगांव और हॉकी जांजगीर की टीम के बीच खेला गया। शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए राजनांदगांव हॉकी की टीम ने जांजगीर हॉकी की टीम को 5-1 से हराकर फाइनल में स्थान सुनिश्चित कर लिया। दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला नगर हॉकी संघ बिलासपुर और रायपुर हॉकी की टीम के बीच खेला गया। दोनों टीम के खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए मैदान गोल किया। खेल के हाफ टाइम तक दोनों ही टीम के स्कोर 2-2 की बराबरी पर थे। बिलासपुर हॉकी टीम की ओर से पहला गोल ओमकार यादव और दूसरा गोल हेमंत रजक ने किया। हाफ टाइम के बाद दोनों टीम ने तेज खेल का प्रदर्शन किया। इस दौरान रायपुर की टीम की ओर से एक गोल किया गया, जिससे बिलासपुर हॉकी टीम 3-2 से पीछे हो गई। मैच के अंतिम समय में बिलासपुर की टीम ने एक गोल कर स्कोर 3-3 की बराबरी पर ला दिया। मैच के अंत तक स्कोर बराबरी पर होने के कारण निर्णय पेनाल्टी स्टोक से कराया गया।

बिलासपुर हॉकी टीम के गोलकीपर सुभाष ने शानदार बचाव करते हुए अपनी टीम को 6-4 से विजयी बनाया। गोलकीपर सुभाष के शानदार प्रदर्शन पर उन्हें मैन आफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। इस जीत के साथ बिलासपुर नगर हॉकी की टीम ने फाइनल में प्रवेश कर लिया। नगर हॉकी बिलासपुर की टीम का फाइनल मुकाबला शनिवार की दोपहर 2 बजे राजनांदगांव हॉकी के साथ होगा। प्रतियागिता के दौरान मुख्य अतिथि वरिष्ठ हॉकी खिलाड़ी सैय्यद अनवारूल कादिर, कांग्रेस कमेटी ब्लाक दो के अध्यक्ष तज्जमुल हक, नगर निगम के पूर्व सभापति शेख नजीरूद्दीन, छत्तीसगढ़ हॉकी संघ के महासचिव मनीष श्रीवास्तव, आयोजन सचिव सैय्यद इखलाक अली, मजहर खान, धनीराम यादव सहित खिलाड़ी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## प्रदेश की स्केटिंग टीम ने तीसरे स्थान पर बनाई जगह

छत्तीसगढ़ स्केटिंग टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर तीसरा स्थान हासिल किया। देशभर की मजबूत टीमों के बीच यह उपलब्धि राज्य के लिए बेहद गर्व का विषय है। इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ छत्तीसगढ़ टीम ने अब अंतरराष्ट्रीय मंच पर भी अपनी जगह बना ली है। टीम ने आगामी इंटरनेशनल स्कैटिंग चेपियनशिप के लिए सफलतापूर्वक क्वालिफाई कर लिया है। टीम का नेतृत्व कोच ए फ्रैंकलिन ने किया, जिनके प्रशिक्षण और रणनीति ने खिलाड़ियों को इस सफलता तक पहुँचाया। इस टीम में शामिल खिलाड़ी कुशांक पटेल, विनॉय सरकार, निदान, राघव, रियान्श राज, सोम, नाइशा इन सभी खिलाड़ियों ने अनुशासन, मेहनत और जज्बे से छत्तीसगढ़ का नाम रोशन किया। इस उपलब्धि से पूरे राज्य के खेल जगत में उत्साह का माहौल है परिवार, कोच और खेल प्रेमी सभी खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना कर रहे हैं।




## इलेक्ट्रिकल व इंजीनियरिंग की टीम पहुंची अगले राउंड में

रेलवे एनईआई में चल रही अंतर विभागीय खेल महोत्सव के फुटबाल मैच में इलेक्ट्रिकल और इंजीनियरिंग विभाग की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए अगले राउंड में प्रवेश कर लिया है। रेलवे के नार्थ ईस्ट इंस्टीट्यूट के तत्वाधान में अंतर विभागीय खेल महोत्सव का दुधिया रोशनी में भव्य आयोजन नार्थ ईस्ट इंस्टीट्यूट में किया जा रहा है। इसमें फुटबॉल, शतरंज, वालीबॉल, बास्केटबॉल, कैरम, तैराकी, बेडमिंटन, एथलेटिक्स और टेबल टेनिस खेलों का पुरूष और महिला दोनों वर्गों में आयोजन 5 से 15 फरवरी के मध्य हो रहा है। खेल महोत्सव में फुटबॉल का प्रथम मैच एसएंडटी कंस्ट्रक्शन विभाग और इलेक्ट्रिकल विभाग के मध्य खेला गया। इलेक्ट्रिकल विभाग की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। यह मैच इलेक्ट्रिकल विभाग ने 1-0 के स्कोर से जीत लिया। इस मैच में इलेक्ट्रिकल विभाग के प्रदीप मिंज ने 1 गोल किया और मैन आफ द मैच बने। दूसरा मैच इलेक्ट्रिक लोको शेड एवं इंजीनियरिंग विभाग के मध्य खेला गया। इंजीनियरिंग विभाग ने यह मैच 4-0 से जीतकर अगले राउंड में प्रवेश किया। मैच में इंजीनियरिंग विभाग के सुदर्शन प्रमाणिक ने शानदार 2 गोल, जगिया ने 1 गोल, मोहन प्रसाद ने 1 गोल किए। मैन आफ द मैच का पुरस्कार मोहन प्रसाद को दिया गया। दूसरे दिन दो मैच खेले जाएंगे। इसमे पहला मैच मेकेनिकल एवं कार्मिक विभाग के मध्य तथा दूसरा मैच आरपीएफ एवं पीसीई के मध्य होगा। वहीं वालीबाल एवं बास्केटबॉल मैच का भी आयोजन किया जाएगा। मैच के निर्णायक एन दिनेश कुमार, एडमन सतुर, मुकेश तथा शेख सलीम, अमरनाथ सिंह, सी नवीन कुमार, संजय कुमार तिवारी, बी अनिल कुमार, सह श्रीकान्त पाढी, हेमंत सिंह, दीपक कुमार सुब्बा, टुर्नामेंट दीपक राजा गुरुंग, टी सम्मुख राव, डी मुरलीधर तथा श्रीराम यादव, एस रघुराम सहित रेल कर्मचारी मौजूद थे।



## खबर संक्षेप

### धारदार हथियार से वार युवक घायल

**बिलासपुर।** पुराने विवाद को लेकर एक युवक के साथ रास्ता रोककर मारपीट करने का मामला सामने आया है। घटना गुरुवार की रात करीब 10 बजे की है। गनियारी के चक्राकुंड मोड़ के पास हुई वारदात में युवक घायल हो गया। युवक ने कोटा थाने में शिकायत दर्ज कराई है। कोटा क्षेत्र के ग्राम घोंघाडीह में रहने वाले इंद्रजीत खांडे (26) ड्राइवर है। गुरूवार की रात करीब नौ बजे वह टाटा मैजिक से सेट्रिंग की बल्ली ग्राम लोखंडी में छोड़कर अपने घर घोंघाडीह लौट रहा था। गनियारी के चक्राकुंड मोड़ के पास चौक के पास पहुंचा ही था कि गांव में रहने वाले शनि श्रीवास और अन्य साथी वहां पहुंचे। सभी ने इंद्रजीत को रोककर पुरानी रंजिश पर गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद शनि श्रीवास ने भरी हुई बियर की बोतल से हमला कर दिया। उसके साथियों ने धारदार हथियार और सीमेंट के खंभे के टुकड़े से मारपीट की। मारपीट से घायल युवक ने घटना की जानकारी परिजनों को दी। घायल युवक को अस्पताल पहुंचाया गया,इलाज के बाद इंद्रजीत ने घटना की शिकायत कोटा थाने में की है। इस पर पुलिस ने जुर्म दर्ज कर मामले को जांच में लिया है।

### एसआई की कार को मारी टक्कर

**बिलासपुर।** सिविल लाइन थाने में पदस्थ एसआइ ओपी कुर्रे गुरुवार की दोपहर ड्यूटी पर जा रहे थे।



इसी दौरान तेज रफ्तार बाइक के चालक ने उनकी कार को टक्कर मार दी। इसके बाद वह एसआई से ही उलझता रहा, एसआइ ने घटना की शिकायत तारबाहर थाने में की है। पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया है। मोपका के गार्डन सिटी में रहने वाले ओपी कुर्रे सिविल लाइन थाने में एसआई के पद पर पदस्थ है। एसआइ ने बताया कि वे गुरुवार की दोपहर अपनी कार से ड्यूटी पर जा रहे थे। कार पर उनकी पत्नी स्नेहलता भी थी। दोपहर करीब 3.30 बजे वे टैगोर चौक के पास पहुंचे थे। तभी तेज रफ्तार बुलेट के चालक ने उनकी कार को टक्कर मार दी। जब एसआइ ने युवक को ठीक से गाड़ी चलाने के लिए कहा तो वह हुज्जतबाजी करने लगा। तब तक तारबाहर पुलिस की टीम भी मौके पर पहुंच गई। पूछताछ में युवक ने अपना नाम शुभम राय निवासी यदुनंदन नगर तिफरा बताया। एसआइ ने पूरे मामले की शिकायत तारबाहर थाने में की है। इस पर पुलिस ने जुर्म दर्ज कर मामले को जांच में लिया है।

हाईकोर्ट बार एसोसिएशन चुनाव के रिजल्ट देर रात जारी

# बार एसोसिएशन के रजनीश बने अध्यक्ष, गौतम उपाध्यक्ष और अनिल सचिव पद पर निर्वाचित



नवनिर्वाचित बार एसोसिएशन के रजनीश सिंह अध्यक्ष।



उपाध्यक्ष गौतम खेत्रपाल को बधाई देते साथी अधिवक्ता।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष पद पर रजनीश सिंह बघेल ने बाजी मारी है। अध्यक्ष पद पर खड़े कुल सात उम्मीदवारों में से उन्हें सबसे अधिक मत मिले।

इसी तरह उपाध्यक्ष (पुरुष पद) पर गौतम खेत्रपाल की जीत हुई है। उपाध्यक्ष (महिला पद) पर श्रीमती मांडवी भारद्वाज निर्वाचित हुईं हैं। सचिव पद अनिल त्रिपाठी और सहसचिव (पुरुष पद) पर विजय कुमार साहू जीते हैं। सहसचिव (महिला पद) पर आस्था शुक्ला को जीत मिली है। इसके साथ ही कोषाध्यक्ष पद पर आशापुरन सिंह भाटिया विजयी हुईं हैं। ध्यान रहे कि छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के 2026-2028 के लिए दो वर्षीय कार्यकाल के लिए गुरुवार 12 फरवरी को शांतिपूर्ण ढंग से मतदान हुआ था। चुनाव में अधिवक्ताओं ने अभूतपूर्व उत्साह दिखाते हुए भारी संख्या में मतदान किया।

■ 1213 अधिवक्ताओं ने अपने मताधिकार का किया प्रयोग

एसोसिएशन के कुल 1418 पंजीकृत मतदाताओं में से 1213 अधिवक्ताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस तरह कुल मतदान प्रतिशत 85.54 फीसदी रहा। शुक्रवार 13 फरवरी की सुबह 10 बजे से काउंटिंग शुरू की गई। इसके लिए दिन भर गहमागहमी रही और कई बार उतार चढाव देखने को मिला। देर शाम नतीजे पदवार जारी किए गए। कार्यकारिणी सदस्यों के रिजल्ट सबसे पहले जारी हुए। अध्यक्ष पद की घोषणा सबसे अंत में रात 10 बजे के करीब हुई।

### 17 पदों के लिए 61 उम्मीदवार थे मैदान में

हाईकोर्ट बार एसोसिएशन का यह चुनाव बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि हाईकोर्ट में नियमित प्रैक्टिस करने वाले वकीलों ने विशेष रुचि दिखाई है। चुनाव में 17 पदों के लिए कुल 61 उम्मीदवारों ने अपनी किस्मत आजमाई। सबसे अधिक गहमागहमी अध्यक्ष पद को लेकर देखी गई। इसके लिए सीनियर एडवोकेट राजीव श्रीवास्तव, अरविंद सिन्हा, दिनेश कुमार तिवारी, अब्दुल वहाब खान, शैलेन्द्र कुमार बाजपेयी, हनुमान प्रसाद अग्रवाल और रजनीश सिंह बघेल के बीच मुकाबला था। इसमें अंत में रजनीश सिंह बघेल ने बाजी मारी।

### यह भी हुए निर्वाचित

ग्रंथालय सचिव के पद पर राहुल कुमार मिश्रा को जीत मिली है। क्रीड़ा और सांस्कृतिक सचिव (पुरुष पद ) पर अमन पांडे और महिला पद पर प्रज्ञा पांडे जीते हैं। कार्यकारिणी सदस्यों में सबसे अधिक वोट अभिषेक पांडे को मिला। इसके साथ ही त्रिवेणी शंकर साहू, आशुतोष मिश्रा, शरद मिश्रा, उज्जवल चौबे निर्वाचित हुए। महिला वर्ग में दीप्ती तिवारी और लक्ष्मीन कश्यप जीते हैं।

### उपाध्यक्ष पर गौतम की एकतरफा जीत

उपाध्यक्ष (वरिष्ठ) पद के लिए दीपक कुमार जैन, भरत लाल सोनी, गौतम खेत्रपाल, अरविंद दुबे, महेन्द्र नाथ दुबे और शशिकांत सोनकर चुनाव मैदान में थे। इसमें गौतम खेत्रपाल को 500 से अधिक वोट मिला और उन्होंने एकतरफा जीत दर्ज की। महिला उपाध्यक्ष पद के लिए भी मांडवी भारद्वाज को जीत मिली है। सचिव पद पर अनिल त्रिपाठी को भारी मतों से जीत मिली है।

# नौकरी देने के नाम पर युवतियों को बनाया बंधक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

दूरस्थ अंचल की युवतियों को नौकरी और अच्छी जिंदगी का सपना दिखा मार्केटिंग कंपनी वालों ने शहर बुलवा लिया। ट्रेनिंग के नाम पर उनसे रुपये लेकर मार्केटिंग के काम पर लगाया। युवतियों ने उनसे काम के रूपये मांगे,कंपनी वालों ने परेशान करना शुरू कर दिया। साथ ही युवतियों के मोबाइल तक छीन लिया गया। एक युवती ने किसी तरह अपने घर में इसकी सूचना दी। इसके बाद पुलिस ने छह युवतियों को कंपनी से जुड़े लोगों के चंगुल से छुड़ाकर घर भेज दिया है। पुलिस ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

■ पुलिस ने युवतियों को छुड़ाया

कोरबा जिले के पसान क्षेत्र अंतर्गत कुम्हारीसानी में रहने वाली कमला श्याम(42) ने पुलिस को बताया कि उनकी बेटी शशि श्याम नौकरी की तलाश में बिलासपुर आई थी। शशि ने बुधवार को उनके मोबाइल पर काल कर बताया कि कंपनी वालों ने उसका मोबाइल छीन लिया है। इस दौरान उनकी बेटी रो रही थी। इसके बाद वह अपने दामाद को लेकर शहर पहुंची। वह सिरगिट्टी क्षेत्र में अपनी बेटी की तलाश कर रही थीं। गुरुवार की सुबह उनकी बेटी ने मोबाइल पर अपना लोकेशन भेजा। महिला अपने दामाद को लेकर सिरगिट्टी थाने पहुंची और पुलिस को अपनी आपबीती बताई। पुलिस ने दोनों को लेकर मौके पर पहुंची। वहां पर शशि के साथ ही अन्य युवतियां भी थीं। 6 युवतियों को लेकर पुलिस की टीम थाने पहुंची। थाने में पूछताछ करने पर युवतियों ने बताया कि उन्हें सरकारी नौकरी दिलाने का झांसा देकर अलग-अलग जगहों से बुलवाया गया था। यहां पर ट्रेनिंग के नाम पर हर युवती से 19 हजार 500 वसूले गए। इसके बाद उन्हें कुछ सामान देकर मार्केटिंग करने कहा गया। हर सामान बेचने पर कमीशन देने की बात कही गई। जब युवतियों ने सरकारी नौकरी की बात कही तो उनका मोबाइल छीन लिया गया। युवतियों की शिकायत पर पुलिस ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है।

### की जा रही जांच

बंधक जैसी बात अभी सामने नहीं आई है। लड़की ने कंपनी को नौकरी करने के लिए कुछ रूपए दिया था, लेकिन आपस में किसी बात को लेकर उलझ गए थे। पुलिस अभी मामले की जांच रही है।

-किशोर केंवट
टीआई, सिरगिट्टी

## रतनपुर में केमिकल से भरा कंटेनर पलटा

**बिलासपुर।** रतनपुर के पास मुख्य मार्ग पर अनियंत्रित ट्रक का कंटेनर पलट गया। हादसा में तेजरफ्तार ट्रक सड़क से नीचे पेड़ से टकराते ही शोल्डर पर ही ढेर हो गया। जिससे आसपास अफरा तफरी मच गई। हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है लेकिन ट्रक के ड्राइवर को चोट आई है जिसे इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती किया गया है।

बताया जा रहा है कि बिलासपुर से पेंड्रा जा रहे ट्रक क्रमांक सीजी 12 एयू 2454 का कंटेनर अनियंत्रित हो कर सड़क पर गिर गया, हादसा रतनपुर के क्षेत्र के अंतर्गत लालपुर का है। हादसे में ट्रक का ड्राइवर घायल हो गया, जिससे आसपास के



लोगों की मदद से निकाला गया और अस्पताल भेजा गया। इस दौरान उसके साथ के लोगों ने उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया है जहां उसकी हालत स्थिर है।

बताया जा रहा है कि कंटेनर में केमिकल भरा पड़ा है, जिससे अनहोनी की आशंका बनी हुई थी हालांकि पुलिस ने पहुंच कर लोगों को हटाया है।

# 17 किलो गांजा सहित पकड़ा गया तस्कर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

आरपीएफ की टीम ने पेट्रोलिंग के दौरान गांजा तस्करी करने वाले आरोपी को पकड़ा है, जिसके पास से 17 किलो से अधिक गांजा जब्त करने के बाद पुलिस को अग्रिम कार्रवाई के लिए सुपुर्द कर दिया गया है।

आपरेशन नारकोस के तहत रेलवे सुरक्षा बल टीम जोनल के सभी स्टेशन के साथ हावड़ा-मुम्बई के बीच चलने वाली ट्रेनों के अलावा अन्य ट्रेन पर लगातार पेट्रोलिंग व निगरानी कर रही है। इसके तहत प्रभारी निरीक्षक कर्मपाल सिंह गुर्जर के नेतृत्व में सहायक उपनिरीक्षक एलएन सिंह, प्रधान आरक्षक वीसी बंजारे, आरक्षक व्हीके सिन्हा, देवेश सिंह, परवेज अली ने पेट्रोलिंग के दौरान दो संदिग्ध व्यक्तियों को देखा। गजनेर कानपुर देहात उत्तरप्रदेश निवासी राघवेन्द्र सिंह पिता नेत्रपाल सिंह 22 वर्ष और हरदुआगंज अलीगढ़ उत्तरप्रदेश निवासी झम्मन सिंह पिता महावीर सिंह 44 वर्ष के पास रखे बैग की तलाशी ली गई, जिसमें 17 किलो 949 ग्राम कीमत 8 लाख 97 हजार 450 रुपए के गांजा रखे हुए थे। पूछताछ में दोनों ने बताया कि वे गांजा बस के माध्यम से रायगढ़ा ओडिशा से लेकर आए हैं, जिसे लेकर व कानपुर उत्तरप्रदेश जा रहे थे। आरपीएफ ने पूछताछ के बाद दोनों आरोपियों के पास से गांजा जब्त कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 20 बी एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है।



आरपीएफ के हिरासत में आरोपी।

# चोरों ने ताला तोड़कर माल किया पार

**बिलासपुर।** चकरभाठा थाना क्षेत्र के यातायात नगर आवासपारा परसदा में चोरों ने सूने मकान का ताला तोड़कर नकदी, चांदी के जेवर और एलईडी टीवी पार कर दिया। पीड़ित ने इसकी शिकायत चकरभाठा थाने में की है। पुलिस ने जुर्म दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

चकरभाठा क्षेत्र के यातायात नगर आवासपारा परसदा में रहने वाले नरेंद्र वर्मा (28) जेमोटो में फूड डिलीवरी का काम करता है। 7 फरवरी की सुबह करीब 10.30 बजे अपने घर में ताला लगाकर पत्नी हेमा वर्मा और बच्चे के साथ मामा के घर हिंसापुर, जिला मुंगेली चला गया था। अगले दिन 8 फरवरी की सुबह करीब 7 बजे पड़ोसी दीपक सतनामी ने फोन कर बताया कि घर का सामने का ताला टूटा हुआ है। सूचना मिलते ही नरेंद्र वर्मा परिवार के साथ अपने घर पहुंचा। इस दौरान घर के मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ था। अंदर जाने पर आलमारी का लॉकर खुला मिला और कपड़े व अन्य सामान बिखरे थे। आलमारी में रखी एक नग चांदी की अंगूठी, दो जोड़ी बिछिया और 5 हजार रुपये गायब थे। इसके अलावा बेडरूम की दीवार पर लगा एलईडी टीवी भी चोरी हो चुका था। पीड़ित ने आसपास के लोगों से पूछताछ की। इसके बाद उन्होंने चकरभाठा थाने में शिकायत की है। इस पर पुलिस ने जुर्म दर्ज कर मामले को जांच में लिया है।

### स्वरोजगार मेला 19 से

**बिलासपुर।** जिले के युवाओं, उद्यमियों एवं स्वरोजगार के इच्छुक नागरिकों के लिए दो दिवसीय जिला स्तरीय स्वरोजगार मेला का आयोजन 19 एवं 20 फरवरी को सवेरे 10 बजे से देवकीनंदन दीक्षित सभागार लाल बहादुर शास्त्री स्कूल परिसर में किया जा रहा है। इस मेले में राज्य शासन की छत्तीसगढ़ औद्योगिक विकास नीति 2024-30 के अंतर्गत उद्योग एवं सेवा इकाइयों को स्थापना संबंधी जानकारी दी जाएगी।

# रूपए डबल करने का झांसा, युवक ने गंवाए 6 लाख

**बिलासपुर।** फोरेक्स ट्रेडिंग कंपनी में रूपए लगाने के नाम पर जांजगीर के युवक से ठगी का मामला सामने आया है। सिविल लाइन पुलिस ने युवक की शिकायत पर एक महिला सहित दो आरोपियों पर जुर्म दर्ज किया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

कुछ ही महीने में मार्केट से रूपए डबल करने का झांसा देकर युवक से ठगी की गई है। पुलिस के अनुसार जांजगीर का रहने वाले अनिल कुमार पांडेय पिता घनश्याम प्रसाद पांडेय ने सिविल लाइन थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। जिसमें बताया था कि कवर्धा निवासी झमिया यादव व चेतन पटेल से उसकी मुलाकात कार्यक्रम के दौरान हुई थी। दोनों ने बताया था कि मार्केट में काम करते हुए लाखों रूपए कमा चुके हैं। दोनों ने फोरेक्स ट्रेडिंग कंपनी के माध्यम से मार्केट में पैसा लगाने का झांसा दिया और एक साल में रूपए डबल करते हुए करीब 6 लाख 5 हजार रूपए की ठगी को अंजाम दिया है।

### फोन पे पर युवक ने किया था ट्रांसफर

जहां झमिया यादव और चेतन पटेल रूपए डबल करने का झांसा देकर 1 लाख पचास हजार रूपए नगद ले लिया। वहीं 70 हजार रूपए झारिया के खाते में ट्रांसफर कराया गया। इसके बाद लगातार 7 अगस्त को 80 हजार रूपये, 16 अगस्त को 45 हजार रूपये, 29 सितम्बर को 80 हजार रूपये, 3 अक्टूबर को 80हजार रूपये, 16 अक्टूबर को 1 लाख रूपये दोनों के खाते में डलवाया गया। 7 किश्तों में दोनों आरोपी को 4 लाख 55 हजार रूपए फोन पे के माध्यम से युवक ने ट्रांसफर किया।

### माल में बुलाया था मिलने

युवक ने बताया कि उसे 6 अगस्त को दोनों मैग्नोटो माल में मिलने के लिए बुलाया गया, जहां वह अपने दोस्त बालकृष्ण यादव एवं संजय चौहान के साथ पहुंचा। इस दौरान युवक को हर माह 50 हजार रूपए देने की बात आरोपियों ने की थी। लेकिन 2 से 3 हजार रूपए ही युवक को देते रहे और एक समय के बाद अपना फोन बंद कर दिया।









**खबर संक्षेप**

## नवनिर्मित सड़क से सुगम हुआ आवागमन



**भर्रीडांड़।** गौरेला विकासखण्ड में संचालित पीएम जनमन योजना के तहत ग्राम तेंदूमूड़ा से छपराटोला तक नवनिर्मित सड़क संपर्क से लोगों का आवागमन आसान हो गया है। पक्की सड़क बनने से ग्रामीणों को शिक्षा, स्वास्थ्य एवं दैनिक आवश्यकताओं से जुड़ी सेवाओं तक आसानी से पहुंच प्राप्त हो रही है। विद्यार्थियों, किसानों एवं आम नागरिकों के लिए यह सड़क सुविधा एवं विकास का सशक्त माध्यम बनी है। यह सड़क क्षेत्र के सामाजिक एवं आर्थिक विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि सिद्ध हुई है तथा पीएम जनमन योजना की सफलता का जीवंत उदाहरण है। पीएम जनमन योजना के अंतर्गत पक्की सड़क निर्माण का प्रावधान किए जाने से इस मार्ग पर पक्की सड़क का निर्माण पूर्ण हो गया है। सड़क के निर्माण के पश्चात अब ग्राम तेंदूमूड़ा एवं छपराटोला के बीच आवागमन पूर्णतः सुलभ हो गया है। यह मार्ग पूर्व में कच्ची होने के कारण ग्रामीणों को विशेषकर वर्षा ऋतु में आवागमन में अत्यधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। बारिश के दिनों में सड़क कीचड़युक्त हो जाती थी, जिससे ग्राम का संपर्क आसपास के क्षेत्रों से लगभग बाधित हो जाता था।

## सिलदहा में 2 किलोमीटर सीसी रोड निर्माण का भूमिपूजन



**पथरिया।** विकास खंड अंतर्गत ग्राम सिलदहा में लगभग 2 किलोमीटर लंबी सीसी रोड निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन संपन्न हुआ। यह बहुप्रतीक्षित निर्माण कार्य क्षेत्रीय विधायक धरमलाल कौशिक की अनुशंसा एवं स्वीकृति से प्रारंभ किया जा रहा है। ग्रामीणों ने इस पहल का स्वागत करते हुए इसे गांव के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। भूमिपूजन कार्यक्रम में जिला पंचायत सभापति अनिला देवेंद्र सिंह राजपूत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश में विकास कार्यों को नई गति मिली है। भास्कर राजपूत ने कहा कि ग्राम सिलदहा में लगातार हो रहे विकास कार्य सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता हैं। भूमिपूजन कार्यक्रम में राजेंद्र साहू, ज्ञानचंद राजपूत, सुनीता चेलक, राहुल वर्मा, बहादुर सिंह राजपूत, भास्कर राजपूत, अजय राजपूत, उपेंद्र राजपूत, पकला राजपूत, घनश्याम वर्मा, छोटू निर्मलकर, सोनचरण सिंह राजपूत, आनंद कुमार, कमलेश यादव सहित बड़ी संख्या में पंच, गणमान्य नागरिक एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## यूजीसी में समानता को बढ़ावा देने सौंपा ज्ञापन




**मुंगेली।** यूजीसी में समानता को बढ़ावा देने वाले विनियमन 2026 के समर्थन को लेकर अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग एकता महासंघ ने रैली निकालकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। रैली में बड़ी संख्या में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग के जनप्रतिनिधियों एवं बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल रही। यूजीसी के समर्थन में निकले इस रैली कृशि उपज मण्डी से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचा। जहां प्रशासन ने चाक–चौबंध व्यवस्था की थी। प्रतिनिधि मंडल कलेक्ट्रेट में ज्ञापन सौपा। रैली में जिलाध्यक्ष केंद्रीय गोंड महासभा विरेंद्र कुमार मरावी, महासचिव केंद्रीय गोंड महासभा उत्तम कुमार ध्रुव, प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ़ सतनाम महासंघ विकास खांडेकर, जिगे"वर सिंह, जिला सचिव, केंद्रीय गोंड महासभा ध्रुव उर्फ जिग्गू सिंह, जिला अध्यक्ष, स.आ.स. मुंगेली वरिष्ठ प्रभाग मानिक मंडल ध्रुव, प्रदेश सचिव, केंद्रीय गोंड महासभा धमधागढ़ सुरेश सोरी, जिला अध्यक्ष, अजजा शास से संघ अकत सिंह ध्रुव, ब्लक अध्यक्ष, पथरिया भक्तु राम ध्रुव, थाने"वर साहू, तुकाराम साहू, लेखु साहू, रवि साहू, मनोहर यादव, गोपाल साहू सहित बड़ी संख्या में विभिन्न समाजों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## रेलवे परिसर एवं पटरियों के आसपास मवेशी लाने पर होगी कड़ी कार्रवाई

**कोरबा।** रेलवे प्रशासन द्वारा सुरक्षित एवं समयबद्ध रेल परिचालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बिलासपुर मंडल के अंतर्गत रेलवे स्टेशनों एवं रेलवे लाइनों के आसपास मवेशियों की आवाजाही रोकने हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। रेलवे नियमों के अनुसार रेलवे स्टेशन परिसर, रेलवे ट्रैक एवं उसके आसपास मवेशियों को लाना अथवा खुला छोड़ने से मवेशी रेलवे ट्रैक पर आ जाने के कारण रेलगाडी से टकराने के कारण होने वाली दुर्घटना से यात्रियों की सुरक्षा में संकट उत्पन्न होता है जो अपराध की श्रेणी में आता है। इससे ट्रेनों के सुरक्षित संचालन, समयपालन तथा यात्रियों की सुरक्षा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इसी को ध्यान में रखते हुए मंडल द्वारा प्रभावित स्थानों पर पशुपालकों, चरवाहों तथा मवेशियों के मालिकों को समझाईश दी गई है इसके बाद भी उनके द्वारा लापरवाही बरतने पर उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है।

## मंदिरों में महाशिवरात्रि पर्व की तैयारियां जोरों पर

# शिवालयों में कल गूंजेगा हर हर महादेव

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

महादेव की आराधना का पर्व महाशिवरात्रि 15 फरवरी को मनाया जाएगा। क्षेत्र के शिवालयों और मंदिरों में इसकी तैयारी की जा रही हैं। शिवलिंग की साफ–सफाई की जा रही हैं। मंदिर परिसर में तोरण एवं सजावट की जा रही हैं।

महाशिवरात्रि का दिवस धार्मिक मान्यता के अनुसार विशेष महत्वपूर्ण दिन रहता हैं। भगवान शंकर की विशेष पूजा का यह अवसर ऐसा माना जाता हैं कि इस दिन दिल से निकली आवाज भगवान भोलेनाथ स्वीकार कर भक्तों की मनचाही मुराद पूर्ण करते हैं। इसी मान्यता को श्रद्धालू भक्त जन महाशिवरात्रि पर्व पर शिवालयों में विशेष पूजा अर्चना करते हैं। महाशिवरात्रि के अवसर पर सुबह से ही मंदिरों में श्रध्दालुओ का तांता लगना प्रारंभ हो जाता हैं। भोलेनाथ के दर्शन के लिए हांथों में पूजन सामग्री लेकर लोग लाईन में लगकर प्रतीक्षा भी करते हैं। शिवलिंग पर दूध, बेलपत्र, धतुरे से अभिषेक किया जाएगा। धर्म और आस्था का पर्व महाशिवरात्रि को भक्ति पूर्ण माहौल में मनाया जाएगा। इस हेतु मंदिरों में विशेष साफ–सफाई रंगरोगन किया जा रहा हैं। मल्हापारा स्थित नगर का सबसे प्राचीनतम खेमगिर का शंकर मंदिर में भगवान भोले की विशेष पूजा अर्चना की जाएगी। खर्राघाट स्थित शिवालय, बड़ा बाजार स्थित शिव मंदिर, सोनारपारा स्थित शिव मंदिर एवं नगर के अन्य प्रमुख शिव मंदिरों पर विशेष पूजा अर्चना की जाएगी। नगर की सबसे प्राचीनतम मंदिरों में से एक मल्हापारा स्थित शंकर मंदिर का विशेष स्थान हैं। तालाब के किनारे बने इस मंदिर पर शिवलिंग हैं। पास में ही पार्वती मैया एवं गणेश जी विराजमान हैं। ऐसी मान्यता हैं कि नगर में पुराने साधू सन्यासियों का अखाड़ा हुआ करता था। बाबा खेमगिर के द्वारा इस मंदिर का निर्माण कराया गया था। मुख्य मंदिर के बगल से ही खेमगिर बाबा की समाधी भी वहीं स्थित हैं। लोगों का मानना हैं कि यहां मांगी गई सभी मुरादे पूर्ण होती हैं।



**खर्राघाट मंदिर में लगेगी श्रद्धालुओं की भीड़ः** आगर नदी के तट पर खर्राघाट में भगवान शंकर के मंदिर में दिन भर श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रहती हैं। सोनार पारा स्थित शंकर मंदिर में एवं नगर के अन्य मंदिरों में विशेष पूजा अर्चना एवं जलाभिषेक की तैयारी की जा रही हैं। महाशिवरात्रि का पर्व शिव भक्त बड़े ही श्रद्धा भक्ति के साथ मनाते हैं। इस दिन शिवालयों में शिव भक्त दर्शन व पूजन के लिए पहुंचते हैं। समीपस्थ ग्राम सेतगंगा में भी भगवान शिव की प्राचीनतम मूर्ति स्थापित हैं। मंदिर के पास ही कुण्ड हैं। जिसमें श्रद्धालुजन स्नानकर मंदिर में पूजा अर्चना करते हैं। इस मंदिर के पुजारी ने बताया कि शिवरात्रि पर्व को देखते हुए मंदिर में रंग–रोगन एवं सजावट का कार्य पूर्ण कर लिया गया हैं। महाशिवरात्रि के दिन भगवान शिव का रूद्राभिषेक किया जाएगा। इस रूद्राभिषेक कार्यक्रम में सभी श्रद्धालु जन उपस्थित होंगे।

**महाशिवरात्रि पर निकलेगी विशेष झांकी के साथ महाकाल यात्राः लोरमी।** इस वर्ष महाशिवरात्रि पर महाकाल सेना के तत्वावधान में मेरठ के कुशल कलाकारों के द्वारा मनमोहक झांकी एवं महाकाल यात्रा निकाली जाएगी। 15 फरवरी को मानस मंच स्थल से पूजा अर्चना कर नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए महाकाल यात्रा मेरठ से आये कलाकारों के द्वारा शिव बारात की विशेष प्रस्तुति साथ में महाकाल दरबार, शिव पार्वती नंदी झांकी, के साथ झांकी की प्रस्तुति साथ गौरी रानी धूमाल, आकर्षक आतिशबाजी के साथ महाकाल यात्रा नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए नगर के देव स्थल शिवघाट के शिव मंदिर के महाआरती के में शामिल होगी। आयोजन को सफल बनाने हिमांशु यादव, मोनू यादव, प्रेम यादव, अंश पाठक, आयुष पाठक, राजेश जायसवाल, आशुतोष केशरवानी, अतुल डड़सेना, तनिष्क डड़सेना, नागेश गुप्ता, सूरज जायसवाल, वंश ध्रुव, अखिल शर्मा, मनीष जायसवाल एवं भक्त जुटे हैं।

## थोड़ी से आराधना व पूजन से ही प्रसन्न हो जाते हैं भोलेनाथ



**मस्तूरी।** ग्राम रिस्दा में 11 फरवरी से आयोजित 21 कुंडीय शिव महारुद्र यज्ञ के दूसरे व तीसरे दिन भगवान शिव की महिमा का गुणगान करते हुए कथा वाचिका आराध्या देवी ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने कहा कि शिव की महिमा अपार है, वे कल्याणकारी, सृष्टिकर्ता, पालक और संहारक हैं वे हर कण में व्याप्त हैं और उन्हें 'भोलेनाथ' कहा जाता है। वे भक्तों के थोड़े से आराधना व पूजन से ही प्रसन्न हो जाते हैं। अंचल में वर्षो बाद हो रहे यह धार्मिक आयोजन जूना अखाड़ा के महाराज सत्यानंद गिरी के सानिध्य में गांव व क्षेत्र के लोगों के सहयोग से हो रहा है जिसको लेकर लोगो मे अटूट श्रद्धा की भावना देखने को मिल रही है। भगवान शिव व पार्वती विवाह का भव्य झांकी के साथ प्रसंग सुनाते हुए विवाह गीत के भजन सुनाए जिसमे बाराती के रूप में छोटे छोटे बच्चे भूत प्रेत बनकर खूब नाच गाकर शिव बारात को उल्लास से भर दिया, इनके साथ ही उपस्थित महिलाए भी खूब थिरकी। उन्होंने कहा कि भगवान के विवाह में देवताओ के अलावा दानव, किन्नर, नाग, बिछु, पशु पक्षी सभी सम्मलित हुए थे। जिनको देखकर सभी चकित रह गए थे, और भोले भंडारी के स्वरूप को देख सभी आश्चर्यचकित हो गए थे।

## डिप्टी सीएम ने पांच सड़कों के लिए दिए 15 करोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी

क्षेत्र के महत्वपूर्ण ग्रामीण सड़क के लिए पांच सड़कों के लिए उपमुख्यमंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक अरुण साव ने 15 करोड़ 59 लाख की स्वीकृति प्रदान की है। इससे आवागमन दुरुस्त होगा बल्कि ग्रामीणों को बेहतर यातायात के लिए मिल का पत्थर साबित होगा।



अरुण साव ने कहा कि क्षेत्र में सड़कों का विस्तार के लिए विकास की नई परिकल्पना को साकार करने का काम कर रहे हैं ,ग्रामीणों ने जो आशीर्वाद प्रदान किया है उसके आगे यह कुछ भी नहीं आगे भी विकास के पैमाने तय किए जाएंगे। श्री साव के अनुशंसा पर लोक निर्माण विभाग वर्ष 2025-26 के बजट में शामिल ग्राम डिंडोल माइनर केनाल से चंद्रपुर विचारपुर मार्ग लंबाई 2.00 किमी. निर्माण कार्य की 248.79 लाख (रूपये दो करोड़ अड़तालीस लाख उनासी हजार मात्र), ग्राम हड़गांव से कोतरी मार्ग लंबाई 2.70 किमी. निर्माण कार्य के लिए 354.38 लाख (रूपये तीन करोड़ चौवन लाख), ग्राम नवलपुर से कोतरी हाई स्कूल मार्ग लंबाई 2.625 के लिये 279.77 लाख (रूपये दो करोड़ उनासी लाख सतहत्तर हजार मात्र), मुख्य मार्ग से सेमरिया लछनपुर तक मार्ग लंबाई 2.00 किमी. के लिये 230.16 लाख (रूपये दो करोड़ तीस लाख सोलह हजार मात्र), ग्राम डिडौरी से चंदियाभाठा मार्ग लंबाई 2.60 किमी निर्माण कार्य के लिये 388.89 लाख (रूपये तीन करोड़ छियासी लाख नवासी हजार मात्र) की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है।

## 6 बल्क लीटर महुआ शराब एवं लाहन जब्त

**मुंगेली।** ग्राम कोदवाबानी में आबकारी विभाग ने 6 बल्क लीटर महुआ शराब एवं 50 किलोग्राम महुआ लाहन जब्त किया। जिला आबकारी अधिकारी रविशंकर साय ने बताया कि आरोपी ब्रजेश बंजारे के विरूद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम धारा 34(1)(क), 34(2) तथा 59(क) के तहत वैधानिक प्रकरण दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि जिले में अवैध शराब एवं अपराधिक गतिविधियों पर सख्त निगरानी रखी जा रही है तथा आगे भी ऐसी कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

## मुख्य परीक्षाओं के लिए किया गया गोपनीय सामग्री का होगा वितरण

**कोरबा।** छग माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आयोजित हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी मुख्य परीक्षाओं के लिए गोपनीय सामग्री वितरण के जारी निर्देश के परिपालन में जिला शिक्षा अधिकारी ने जिले के समस्त केंद्राध्यक्षों को निर्देशित किया है कि सभी आगामी 16 फरवरी को प्रातः 10 बजे समन्वय संस्था सेजेस कन्या साडा में उपस्थित होकर गोपनीय परीक्षा सामग्री प्राप्त करना सुनिश्चित करें।

## बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली का जिपं सीईओ ने किया निरीक्षण

**मुंगेली।** जिले की तीनों जनपद पंचायतों में संचालित आधार आधारित बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली का जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभाकर पाण्डेय ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जनपद पंचायत मुंगेली में 29, जनपद पंचायत लोरमी में 22 तथा जनपद पंचायत पथरिया में 25 अधिकारी–कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए। इस प्रकार कुल 76 अधिकारी–कर्मचारी बिना पूर्व अनुमति अथवा संतोषजनक कारण के अनुपस्थित मिले। जिला पंचायत सीईओ ने इसे गंभीर लापरवाही मानते हुए संबंधित सभी 76 अधिकारी–कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं। नोटिस में उनसे निर्धारित समयावधि में स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने को कहा गया है।



जिला पंचायत सीईओ ने कहा कि शासन द्वारा लागू की गई आधार आधारित बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली का उद्देश्य कार्यालयों में पारदर्शिता, जवाबदेही और नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करना है। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को समय पर कार्यालय उपस्थित होकर अपने दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिए। उन्होने कहा कि शासकीय कायोर्ं में गति और गुणवत्ता बनी रहे तथा आम नागरिकों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने इस प्रकार के औचक निरीक्षण निरंतर किए जाएंगे। इस दौरान संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## सड़क दुर्घटना में घायल को मिली चिकित्सा सुविधा



**मुंगेली।** सड़क दुर्घटना में ग्राम नावांगांव चीनू निवासी 25 वर्षीय मिथुन बंजारा पिता संतोष घायल हो गया। रास्ते में निकलते समय डाक्टर ने संवेदनशीलता दिखाते हुए तत्काल चिकित्सकीय सहायता उपलब्ध कराई। घायल युवक को डा. मनीष बंजारा द्वारा मौके पर ही यथासंभव प्राथमिक उपचार प्रदान किया गया तथा तत्पश्चात 108 एम्बुलेंस सेवा के माध्यम से सुरक्षित रूप से जिला अस्पताल रेफर किया गया, जहां उनका उपचार जारी है। समय पर मिली चिकित्सा सहायता ने एक अनमोल जीवन को सुरक्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह घटना पुनः स्मरण कराती है कि सड़क पर एक क्षण की असावधानी गंभीर परिणाम ला सकती है। यातायात नियमों का पालन करना, नियंत्रित गति में वाहन चलाना, हेलमेट एवं सीट बेल्ट का अनिवार्य उपयोग करना तथा मोबाइल फोन से दूरी बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। अक्सर हम अपनी गलती से कम और दूसरों की लापरवाही से अधिक दुर्घटनाओं के शिकार होते हैं, इसलिए अतिरिक्त सतर्कता ही सर्वोत्तम सुरक्षा है। इस कार्य में यशवंत जायसवाल 108 जिला प्रबंधक का विशेष सहयोग रहा। डॉ. बंजारा ने अपील की कि यदि कभी सड़क पर कोई दुर्घटना घटित होती दिखाई दे, तो मूक दर्शक न बनें। थोड़ी सी संवेदनशीलता और समय पर की गई मदद किसी के लिए जीवनदान सिद्ध हो सकती है।

## लिम्हा में जल अर्पण कार्यक्रम

**मुंगेली।** जल जीवन मिशन के अंतर्गत जल संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने और ग्रामीणों को जल का महत्व बताते हुए सामूहिक सहभागिता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से ग्राम पंचायत लिम्हा में जल अर्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधायक पुन्नूलाल मोहले, कलेक्टर कुन्दन कुमार, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभाकर पाण्डेय, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पाण्डेय, उपाध्यक्ष शांति देवचरण भास्कर, जनपद पंचायत मुंगेली के अध्यक्ष रामकमल सिंह सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि शामिल हुए। इस दौरान धरमपुरा, गीधा, लिम्हा, लिलवाकापा और सिंगबांधा ग्राम पंचायत में जल जीवन मिशन का कार्य पूर्ण होने पर के सरपंचों को हस्तांतरित किया गया।



विधायक श्री मोहले ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जल संरक्षण को सामाजिक आंदोलन का स्वरूप देने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि जल है तो कल है, और प्रत्येक नागरिक को जल के प्रति संवेदनशील बनना होगा। जिला पंचायत अध्यक्ष ने पानी को बचाने ग्रामीणों को प्रेरित किया। कलेक्टर ने कहा कि जल ही जीवन है, जल के बिना जीवन सम्भव ही नहीं है, इसलिए जल को बचाना बहुत आवश्यक है। जिला पंचायत सीईओ ने कहा कि नरेगा योजना के अंतर्गत सैंड फिल्टर, आजीविका डबरी, सोखता गड्ढा, वर्मी कम्पोस्ट, नाडेप गड्ढा, वाटर हार्वेस्टिंग संरचनाएं एवं भवनों में रेन वटर हार्वेस्टिंग जैसे कायोर्ं को विशेष रूप से प्रोत्साहित किया जा रहा है। समापन में अतिथियों को मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस दौरान ग्राम पंचायत के सरपंच सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे।

## आवास निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा



**मुंगेली।** प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण के अंतर्गत जिला पंचायत सभाकक्ष में आवास निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय के निर्देशानुसार सहायक परियोजना अधिकारी एलके कौशिक ने बैठक में 2024–26 के अंतर्गत स्वीकृत अप्रारंभ एवं अपूर्ण आवासों की ग्राम पंचायतवार गहन समीक्षा की। उन्होंने सभी अप्रारंभ आवासों को अनिवार्य रूप से प्रारंभ कराने तथा वित्तीय वर्ष 2024–26 में द्वितीय किश्त प्राप्त कर चुके हितग्राहियों के आवासों को भी हर हाल में शीघ्र पूर्ण कराने कहा। सहायक परियोजना अधिकारी श्री कौशिक ने आवास निर्माण की गुणवत्ता को लेकर भी सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की अनियमितता, लापरवाही या गुणवत्ता में कमी पाए जाने पर संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारियों के विरुद्ध कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, निर्माण की प्रगति के अनुरूप समय–सीमा में किश्त की राशि जारी करने के निर्देश दिए। जिन आवासों का कार्य निर्धारित समय में पूर्ण नहीं होगा, उनके लिए जिम्मेदार अधिकारियों पर दंडात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

बैठक में आवास चौपाल नोडल अधिकारी, अनुविभागीय अधिकारी (ग्रामीण यांत्रिकी सेवा), सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, विनय छात्रे (ईआरईएस), राजीव तिवारी, तकनीकी सहायक एवं आवास मित्र उपस्थित रहे।

## बोईरहा में क्षय एवं कुष्ठ उन्मूलन जनजागरण शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार जिले के दूरस्थ वनांचल बैगा ग्रामों में क्षय एवं कुष्ठ उन्मूलन जनजागरण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर के दौरान गांव के लोगों की स्वास्थ्य जांच कर आवश्यक दवाई एवं परामर्श दिया जाता है। इसी कड़ी में बैगा ग्राम बोईरहा में क्षय एवं कुष्ठ उन्मूलन जनजागरण शिविर का आयोजन किया गया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा. शीला साहा एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक गिरीश कुर्रे के मार्गदर्शन में आयोजित शिविर में 68 से अधिक मरीजों की जांच की गई, जिसमें संदेहास्पद टीबी के 8, सर्दी–खांसी के 19, दाद, खाज, खुजली के 5, बुखार के 7, बीपी के 2, हाथ–पैर दर्द के 10, कमजोरी के 8, आंख संबंधी बीमारी के 1 मरीजों सहित अन्य 8 मरीजों की जांच की गई और उन्हें दवाई एवं आवश्यक परामर्श दिया गया। जिला क्षय–कुष्ठ उन्मूलन अधिकारी डा. सुदेश रात्रे ने बताया कि शिविर में संदेहास्पद टीबी मरीजों की बलगम सीसीनट मशीन में जांच के लिए एकत्र किया गया। इसके साथ ही बचाव व नियंत्रण के लिए पाम्पलेट का वितरण किया गया। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम समन्वयक अमिताभ तिवारी, पीएमडीटी समन्वयक धीरज रात्रे मितानिन सहित स्वास्थ्य विभाग की टीम मौजूद रही।



## 68 से अधिक मरीजों की जांच कर दी गई दवा और परामर्श

**लोरमी।** दूरस्थ वनांचल बैगा ग्रामों में क्षय एवं कुष्ठ उन्मूलन जनजागरण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर के दौरान गांव के लोगों की स्वास्थ्य जांच कर आवश्यक दवाई एवं परामर्श दिया जाता है। इसी कड़ी में बैगा ग्राम बोईरहा में क्षय एवं कुष्ठ उन्मूलन जनजागरण शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शीला साहा एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक गिरीश कुर्रे के मार्गदर्शन में आयोजित शिविर में 68 से अधिक मरीजों की जांच की गई और उन्हें दवाई एवं आवश्यक परामर्श दिया गया। जिला क्षय-कुष्ठ उन्मूलन अधिकारी डॉ. सुदेश रात्रे ने बताया कि शिविर में संदेहास्पद टीबी मरीजों की बलगम सीसीनॉट मशीन में जांच के लिए एकत्र किया गया। इसके साथ ही बचाव व नियंत्रण के लिए पाम्पलेट का वितरण किया गया। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम समन्वयक अमिताभ तिवारी, पीएमडीटी समन्वयक धीरज रात्रे मितानिन सहित स्वास्थ्य विभाग की टीम मौजूद रही।



## जनपद पंचायत की सामान्य सभा 18 को

**तखतपुर।** जनपद पंचायत सामान्य सभा 18 फरवरी को दोपहर 1 बजे से जनपद सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी।



## खबर संक्षेप

### भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट बनीं ग्राम टेढ़ाधौंरा की बेटी सुप्रिया



मुंगेली। जिले के ग्राम टेढ़ाधौंरा की बेटी सुप्रिया सिंह ने पूरे जिले का नाम रोशन किया है। संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित कंबाइंड डिफेंस सर्विसेज सीडीएस परीक्षा में आल इंडिया 4वीं रैंक हासिल कर उनका चयन भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट पद पर हुआ है। 23 वर्षीय सुप्रिया सिंह, वैदेही शरण सिंह की सुपुत्री हैं। बचपन से ही भारतीय सेना में शामिल होकर देश की सेवा करने का सपना देखने वाली सुप्रिया ने अपने संकल्प और कड़ी मेहनत के बल पर यह मुकाम हासिल किया है। प्रारंभिक शिक्षा मुंगेली से प्राप्त करने के बाद उन्होंने निरंतर अपने लक्ष्य की दिशा में तैयारी जारी रखी।

### अपूर्ण आवासों को पूर्ण कराने नेवसा में चला महाअभियान



बेलतरा। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत स्वीकृत लेकिन अपूर्ण एवं अप्रारंभ आवासों को पूर्ण कराने के उद्देश्य से एनआरएलएम की विहान क्रेडर दीदियों द्वारा विशेष महाअभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में विकासखंड बिल्हा के ग्राम पंचायत नेवसा में वर्ष 2016 से 2026 तक स्वीकृत आवासों की प्रगति की समीक्षा हेतु विशेष निरीक्षण अभियान संचालित किया गया। इस दौरान एफएलसीआरपी, आरबीके, सक्रिय महिला समूह की सदस्याएं, बैंक सखी, कृषि सखी, पशु सखी, आवास मित्र एवं पंचायत सचिव की संयुक्त टीम ने अपूर्ण और अप्रारंभ आवासों का घर-घर पहुंचकर जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान हितग्राहियों से सीधे संवाद कर उन्हें 31 मार्च तक अपने आवास निर्माण कार्य को हर हाल में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। टीम ने निर्माण कार्य में आ रही समस्याओं की जानकारी भी ली तथा आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया। नेवसा पंचायत में चलाए गए इस महाअभियान से अपूर्ण आवासों की प्रगति में तेजी आने की उम्मीद जताई जा रही है।

### अग्रसेन महाविद्यालय में मना वार्षिक खेल महोत्सव




बिल्हा। शासकीय अग्रसेन महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. सावित्री त्रिपाठी के संरक्षण एवं मार्गदर्शन में आयोजित तीन दिवसीय वार्षिक खेल महोत्सव का आयोजन हुआ। महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी डॉ. आलोक कुमार चौरसिया के संयोजन में आयोजित इस महोत्सव में छात्र-छात्राओं ने विभिन्न इनडोर और आउटडोर खेलो एथलेटिक्स 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर लंबी कूद, चक्का फेंक , गोला फेंक , वॉलीबॉल, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, कैरम और शतरंज का आयोजन किया जिसमें महाविद्यालय के छात्र छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया।सभी प्राध्यापकों ने निर्णायक के रूप में अपनी भूमिका निष्पक्षता से निभाई। साथ ही, प्राचार्य डॉ. सावित्री त्रिपाठी ने सफल आयोजन के लिए क्रीड़ा अधिकारी और समस्त स्टाफ को बधाई दी और विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया।

### सार्वजनिक शौचालय के लिए भूमिपूजन



लोरमी। नगर के वार्ड चार बाजार मोहल्ले में नदी के पास 16 लाख की लागत से निर्माण होने वाली सार्वजनिक शौचालय का अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, पार्षद सहित स्थानीय गणमान्य नागरिकों ने भूमि पूजन किया गया। वार्ड 4 बाजार मोहल्ले में उपमुख्यमंत्री अरुण साव के सौगात से महिला एवं पुरुषों के लिए सार्वजनिक शौचालय निर्माण के लिए 16 लाख की स्वीकृति की गई है, जिसमें उपयुक्त महिला एवं पुरुष के लिए अलग-अलग शौचालय का निर्माण किया जाना है,जिसका भूमि पूजन नगर पालिका अध्यक्ष सुजीत वर्मा उपाध्यक्ष डॉ अशोक जायसवाल, वार्ड पार्षद सभापति आलोक शिवहरे, प्रेस क्लब के सचिव नूतन गुप्ता, आलोक गुप्ता, सूरज रजक ,राकेश गुप्ता एवं संबंधित आधिकारिक कर्मचारी एवं ठेकेदार उपस्थित रहे।

### जिपं सीईओ ने किया रटगा हाईस्कूल का निरीक्षण



भरींडांड़। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मुकेश रावटे ने मरवाही विकासखण्ड के शासकीय हाई स्कूल रटगा का निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यालय में शिक्षकों की पदस्थापना और विद्यार्थियों की दर्ज संख्या एवं उपस्थिति की जानकारी ली। श्री रावटे ने शिक्षकों की बैठक लेकर 10वीं कक्षा की आगामी बोर्ड परीक्षा में बेहतर परीक्षा परिणाम लाने के लिए लगन और मेहनत से बच्चों को पढ़ाने और उनका मार्गदर्शन करने कहा। साथ ही शाला परिसर में साफ-सफाई, पेयजल, शौचालय आदि सुविधाओं की जानकारी ली और शिक्षकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

---

निर्माण पूरा होने के बाद भी नए भवन में लगा ताला, आम जनता को नहीं मिल रही सुविधाएं

# सफेद हाथी साबित हो रहा है जरहागांव का नया तहसील भवन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जरहागांव

लाखों रुपए खर्च कर बनाया गया नया तहसील कार्यालय भवन बनकर तैयार है, लेकिन महीनों से वहां ताले लटके हुए हैं। न उद्घाटन हुआ, न हैंडओवर और न ही आम जनता को कोई लाभ मिल पा रहा है।

ज्ञात हो कि तहसील का दर्जा मिलने के बाद क्षेत्रवासियों को उम्मीद थी कि प्रशासनिक सुविधाएं बढ़ेंगी, राजस्व कार्यों में तेजी आएगी और आम लोगों को राहत मिलेगी, लेकिन हकीकत इसके ठीक उलट नजर आ रही है। आज भी तहसील कार्यालय पुराने, भवन में संचालित हो रहा है, जहां न पर्याप्त बैठने की व्यवस्था है, न रिकॉर्ड रखने की जगह और न ही मूलभूत सुविधाएं। भीड़ के कारण रोज़ाना अव्यवस्था का माहौल बना रहता है।






### भुगतान बना रोड़ा

तहसील भवन के ठेकेदार पंकज मीरे ने कहा नए तहसील कार्यालय के हैंडओवर के लिए विभाग से पत्राचार किया जा चुका है। कुछ भुगतान से संबंधित समस्याएं हैं। विभाग हैंडओवर क्यों नहीं ले रहा है, यह वही स्पष्ट कर पाएंगे।

### आम जनता भुगत रही सजा

तहसील भवन शुरू नहीं होने का खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। जमीन विवाद, सीमांकन, नामांतरण, प्रमाण पत्र, राजस्व प्रकरणों के लिए लोगों को घंटों लाइन में लगना पड़ता है। भीड़, अव्यवस्था और संसाधनों की कमी से कामकाज की गति बेहद धीमी हो गई है।

### पूरी तरह तैयार नहीं: तहसीलदार

इस पूरे मामले पर तहसीलदार कमल किशोर पाटनवार ने कहा कि अभी छुट्टी में हूं। नया तहसील भवन अभी आवश्यक व्यवस्थाओं के साथ पूरी तरह तैयार नहीं है। ठेकेदार द्वारा निर्देशों का पालन नहीं किया जा रहा है। फर्नीचर, रिकॉर्ड रूम, बैठने की व्यवस्था सहित अन्य बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराए बिना कार्यालय का स्थानांतरण संभव नहीं है।"उन्होंने कहा कि पुराने भवन में सीमित संसाधनों के कारण कामकाज प्रभावित हो रहा है।

### जनप्रतिनिधियों की नाराजगी

नगर अध्यक्ष रुपाली वेद प्रकाश ने प्रशासन पर नाराजगी जताते हुए कहा कि ठेकेदार और विभाग के इस बयान से साफ है कि मामला अब आरोप-प्रत्यारोप तक सिमट गया है। जब भवन बनकर तैयार है तो जनता के लिए क्यों नहीं खोला जा रहा? तहसील कार्यालय पूर्ण सेटअप के साथ शुरू हो जाए तो आम लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। इस देरी के कारणों की जानकारी ली जाएगी।

### बदतर हो गई व्यवस्था

ग्रामीणों का आरोप है कि जब यह क्षेत्र उपतहसील था, तब भी कामकाज अपेक्षाकृत सुचारू था। तहसील बनने के बाद गांवों का परिसीमन तो बदल गया गांव कम हुआ, लेकिन संसाधन और सुविधाएं नहीं बढ़ीं। परिणामस्वरूप राजस्व प्रकरणों का बोझ बढ़ा, लेकिन उसे संभालने की व्यवस्था नहीं हो पाई। लोगों का कहना है कि तहसील बनने से बाजार, क्षेत्रीय विकास और प्रशासनिक सक्रियता बढ़नी चाहिए थी, लेकिन नए तहसील भवन पर ताले लटकने से क्षेत्र की रफ्तार थम सी गई है।

### संज्ञान में लिया जाएगा

जरहागांव में नए तहसील भवन का निर्माण पूरा हो चुका है। अब तक विभाग को हैंडओवर क्यों नहीं मिला है, कहां तकनीकी त्रुटि है, संज्ञान में लिया जाएगा।

-अजय शतरंज
एसडीएम मुंगेली

### प्रशासन को नहीं सौंपा

तैयार भवन, फिर भी प्रशासन को नहीं सौंपा गया। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि तहसील भवन भौतिक रूप से लगभग पूर्ण है, लेकिन अब तक उसे विभाग को विधिवत हैंडओवर नहीं किया गया है। सूत्रों की मानें तो भवन में तय मानकों के अनुरूप कुछ आवश्यक कार्य और व्यवस्थाएं अधूरी हैं, जिन्हें पूरा किए बिना विभाग हैंडओवर लेने को तैयार नहीं है। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि ठेकेदार द्वारा लगातार टालमटोल की जा रही है, वहीं संबंधित विभाग भी सख्त कार्रवाई करने से बचता नजर आ रहा है।

---

# खेल, संस्कृति और शिक्षा से बनता है सम्पूर्ण व्यक्तित्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ पथरिया





एनके एजुकेशनल एकेडमी स्कूल के 5वें स्थापना दिवस पर सिल्वर सोइरी थीम के अंतर्गत शिक्षक सम्मान और वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। आयोजन मे कक्षा नर्सरी से आठवीं तक के नौनिहालो ने पुरे उत्साह व आत्मविश्वास के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी।

कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप मे नगर पंचायत की अध्यक्ष हुलसी रघु वैष्णव और विशिष्ट अतिथि के रूप मे नेता प्रतिपक्ष नप रंजीता ओमकार यादव रहीं। उनके साथ प्रवीण पाटले, सुरेश मानिकपुरी, रमाकांत कुर्रे, सीतल सिंगरौल पूंदास खूंटे, बारमते जी एवं समस्त अभिभाक उपस्थित रहे।विद्यार्थियों ने रंग - बिरंगी व आकर्षक वेशभूषा में स्वागत गीत, नृत्य नाटक, हिन्दी और अंग्रेजी भाषण और भावपूर्ण प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों के लिये भाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया और प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। मुख्य अतिथि श्रीमती वैष्णव ने विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों, उनके अथक प्रयास और विद्यालय के कुशल प्रबंधन की सराहना की।

उन्होंने कहा कि यह दिन विद्यार्थियों के जीवन मे नए आरम्भ का प्रतीक है। विशिष्ट अतिथि चंद्र कुमार वर्मा ने शाला प्रबंधन और शिक्षिकाओं कि प्रसंशा करते हुए विद्यार्थियों को ज्ञानार्जन, संस्कार और ऊर्जा के साथ आगे बढ़ने का सन्देश दिया। वार्षिक उत्सव व स्थापना दिवस पर शिक्षिकाओं को भी पुरस्कार व अवार्ड दिया गया। बेस्ट शिक्षिका का अवार्ड रश्मि तम्बोली, अराधना ध्रुव , शहोद्रा ध्रुव को नवाजी गईं व जया यादव, वीणा साहू, संगीता साहू, भूमिका साहू, प्रियंका सिंगरौल, दीपांजलि जायसवाल, रामप्यारी घृतलाहरे को भी सम्मानित किया गया।

### वीबीजीरामजी विकसित भारत के संकल्प को साकार करेगा




लोरमी। क्षेत्र के मडंल डिंडौरी व देवरहट के ग्राम परसवारा, औरबांधा, गुरूवाईन डबरी एवं घठौली में प्रदेश भाजपा के निर्देशानुसार एवं भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के आह्वान व क्षेत्र के विधायक एवं उपमुख्यमंत्री अरुण साव के मार्गदर्शन पर जनजागरण अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत 'जन जोहार चौपाल' का आयोजन किया गया।

जन जोहार चौपाल सभा को सम्बोधित करते हुए प्रदेश मंत्री विनय साहू ने कहा कि इस योजना के माध्यम से ग्रामीण परिवारों को सतत रोजगार मिल रहा है। आधारभूत ढांचे का तेजी से निर्माण हो रहा है। ग्रामीण अर्थव्यवस्था सशक्त हो रही है और विकास को नई रफ्तार मिल रही है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से कार्यक्रम में पिछड़ा वर्ग मोर्चा धनीराम यादव, दिनेश साहू, प्रदीप मिश्रा, महाजन जायसवाल, सुशील यादव अध्यक्ष लोरमी, राजेन्द्र साहू दिनेश कश्यप, राजेंद्र साहू जनपद उपाध्यक्ष, अभिषेक पाठक, प्रदीप साहू ,आदित्य ध्रुव जनपद सभापति,छततु कश्यप सहित अन्य उपस्थित रहे।

### विदाई समारोह में प्रतिभा को निखारने का मौका



लोरमी। स्वामी आत्मानन्द इंग्लिश मीडियम स्कूल में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी कक्षा ग्यारहवीं के छात्र छात्राओं ने कक्षा बारहवीं के हिन्दी माध्यम के छात्र छात्राओं को विदाई दी। कार्यक्रम के आरम्भ में मुख्य अतिथि विश्वास दुबे अध्यक्ष शाला प्रबंधन विकास समिति के प्रतिनिधि भाजपा मंडलाध्यक्ष सुशील यादव, कमलेश श्रीवास सदस्य मुकुल तिवारी, संदीप सोनी, संस्था के प्राचार्य अरुण जायसवाल ने कार्यक्रम की शुरूआत की। कक्षा 11 के छात्र छात्राओं के द्वारा कक्षा 12 के छात्र छात्राओं को लेखनी एवं पुष्प गुच्छ भेंट किया गया। संस्था के प्राचार्य अरुण जायसवाल ने मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान की चर्चा करते हुए आशा व्यक्त किया कि संस्था के होनहार छात्र छात्राओं की मेहनत रंग लाएगी। कार्यक्रम में अंकिता जॉनसन, वैभव आनंद कंचन कर्मकार ममता कौशिक गरिमा पाठक मोनिका कौशिक माहेश्वरी पात्रे विजय विश्वकर्मा शिफाली सोनी, बी आर चेलक, सी पी साहू, प्रणिता दास, चंद्रशेखर श्रीवास एवं समस्त छात्र छात्राएं उपस्थित रही।

### एटीआर में वनों की आग से बचाने एवं वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए कार्यशाला





लोरमी। अचानकमार टाईगर रिजर्व में वनों की अग्नि से सुरक्षा एवं वन्यप्राणियों हेतु पेयजल आपूर्ति के विषय में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में वनों में अग्नि घटना के कारणों, अग्नि घटना की रोकथाम, विगत पांच वर्षों में हुए अग्नि घटना का मेप के माध्यम से चिन्हांकन, काऊटर फायर, अग्नि रेखा कटाई सफाई एवं जलाई. सुरक्षा के उपायों एवं आधुनिक तकनीक के माध्यम तत्काल सूचना प्रेषित कर मैदानी कर्मचारियों द्वारा अग्नि घटना तत्काल नियंत्रण के संबंध में विस्तृत रूप से प्रशिक्षित किया गया। प्रोजेक्ट एलिफेंट स्टीयरिंग कमेटी सदस्य मंसूर खान द्वारा अचानकमार टाईगर रिजर्व में वन्यप्राणियों की सुरक्षा, प्रबंधन, अग्नि घटना नियंत्रण एवं जल प्रबंधन के विषय पर चर्चा की गई एवं सुमनद्विता बनर्जी प्रतिनिधि भारतीय वन्यजीव संस्थान देहरादून द्वारा अखिल भारतीय बाघ आंकलन मॉनिटरिंग के दौरान ट्रैप कैमरा लगाने की तरीका, डाटा संकलन के उपायों पर विस्तृत रूप से प्रस्तुतिकरण दी गई। कार्यशाला में संजय लूथर सहायक संचालक कोर, समीर जोनाथन सहायक संचालक बफर क्षेत्र, समस्त वन परिक्षेत्र अधिकारी, समस्त परिक्षेत्र सहायक एवं समस्त परिसर रक्षक उपस्थित रहे।

---

नवोदय विद्यालय में जिला स्तरीय फुटबॉल फॉर स्कूल कार्यक्रम

# वैज्ञानिक ढंग से किया जा रहा खेलों का विकास: पहाड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मल्हार



जवाहर नवोदय विद्यालय में 12 फरवरी को भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय एवं फीफा के सौजन्य से जिले के सूचीबद्ध 23 स्कूलों को समारोह में फुटबॉल वितरित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अंतरराष्ट्रीय एथलेटिक्स खिलाड़ी श्रीकांत पहाड़ी, राष्ट्रीय खिलाड़ी अमिताभ मानिकपुरी, नोडल विद्यालय जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य पीसी झा ने किया।

प्राचार्य ने कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि फुटबॉल फॉर स्कूल्स फीफा द्वारा यूनेस्को के सहयोग से चलाया जा रहा यह एक वैश्विक कार्यक्रम है, जो शिक्षा के साथ फुटबॉल को जोड़ता है। अंतरराष्ट्रीय एथलेटिक्स श्रीकांत पहाड़ी ने कहा कि आज देश की परिस्थितियां काफी बदल चुकी हैं। खेलों का वैज्ञानिक ढंग से विकास किया जा रहा है। सरकार भी लगातार खेल को आगे बढ़ाने में लगी हुई है, खेल के विविध आयाम है तथा विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ने का अवसर आज के बच्चों को उपलब्ध है इसलिए संस्थाओं को भी प्राथमिकता के साथ खेल को आगे बढ़ाना होगा। अमिताभ ने कहा कि खेल को आज ऊंचाइयों तक ले जाने का समय आ चुका है। बूढ़ीखार गवर्नमेंट हायर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य केआर रजक ने पढ़ाई के साथ थे खेल के लिए भी बच्चों को तत्पर रहने की बात कही। इस अवसर पर तेजस स्कूल मस्तूरी से छात्र भविष्य डहरिया तथा नवोदय विद्यालय मल्हार से छात्र भविष्य पोर्ते ने अपना विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम में सूचीबद्ध विभिन्न स्कूलों से आए शिक्षक शिक्षिकाएं एवं उनके विद्यालय के छात्रों को फुटबाल वितरित की गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षक ए बनर्जी, विश्वजीत नायक, खेल शिक्षक पोखेश्वर साहू एवं चेतना का विशेष योगदान रहा।

---

### फाइलेरिया उन्मूलन के लिए चला जागरूकता अभियान




बिल्हा। उद्यानिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत फाइलेरिया मुक्ति अभियान के अंतर्गत जागरूकता एवं दवा सेवन कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस अभियान का उद्देश्य फाइलेरिया जैसी गंभीर बीमारी से बचाव हेतु जनजागरूकता फैलाना तथा सामूहिक दवा सेवन के माध्यम से इसके उन्मूलन में सहयोग करना था। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकों एवं छात्र-छात्राओं ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा निर्धारित दवा का सेवन किया। इस अवसर पर ग्रामीण स्वास्थ्य अधिकारी ने उपस्थित जनसमूह को फाइलेरिया रोग के कारण, लक्षण, बचाव एवं समय पर दवा लेने के महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी अधिकारी, कर्मचारी एवं ग्रामीण स्वास्थ्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### फाइलेरिया से बचने चलाया गया जागरूकता अभियान



मल्हार। तक्षशिला स्कूल जोंधरा के एनएसएस विद्यार्थियों द्वारा फाइलेरिया के विरुद्ध जागरूकता अभियान चलाया गया। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक मनोज कुमार सिन्हा एवं जिला संघटक कांति अंचल के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। विद्यालय परिसर एवं कक्षाओं में जागरूकता संदेश दिए गए तथा "दवा खाओ फाइलेरिया भगाओ" जैसे नारों से वातावरण जागरूकता से भर गया। विद्यार्थियों ने संकल्प लिया कि वे अपने परिवार एवं आसपास के लोगों को भी इस रोग से बचाव के लिए प्रेरित करेंगे। कार्यक्रम में प्राचार्य पुनेश कुमार पटेल ने कहा कि सामूहिक प्रयास से ही फाइलेरिया मुक्त समाज का निर्माण संभव है। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी पूरन सिंह ठाकुर, शिक्षक राजेश कुमार यादव, बलराम दिनकर, हेतराम पटेल, देव पटेल, मोतीराम कश्यप, वीरेंद्र साहू, चन्द्रकला पटेल, सीमा साहू, प्रीतम पटेल उपस्थित रहे।

### गुडविल स्कूल में बच्चों को दवा खिलाई गई



करगी कोटा। गुडविल पब्लिक स्कूल में सरकार की फाइलेरिया उन्मूलन योजना के तहत कैम्प लगाया गया। जिसमें पहले दिन स्कूल के स्टाफ के साथ साथ स्कूल प्रबंधन के लोगों ने भी दवा खाई, दूसरे दिन बच्चों को दवा की खुराक दी गई। स्कूल के आसपास के लोगों ने भी दावा की खुराक ली।पहले बड़े लोगों को ही दवा की डोज दी गई, उसके बाद इस अभियान के तहत छोटे बच्चों को भी स्वास्थ बिभाग के निर्देशानुसार नर्सों व सुपरवाइजरों, के देख रेख में मितानिनों के द्वारा दावा दी जा रही है। यह सरकार की तरफ से पूरे देश मे महा अभियान चलाया जा रहा है। फाइलेरिया जैसी बड़ी बीमारी को रोकने के लिए महाअभियान चल रहा है इसके बाद घर घर जा कर हर व्यक्ति या बच्चों को दवा खिलाने के कार्य किया जा रहा है।

### फास्टरपुर स्कूल में फाइलेरिया बचाव अभियान

सेतगंगा/मुंगेली। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय फास्टरपुर में जिला चिकित्सा विभाग के निर्देशानुसार फाइलेरिया बचाव अभियान का आयोजन किया गया। कक्षा 9वीं से 12वीं के विद्यार्थियों को इस गंभीर बीमारी से सुरक्षा के लिए टैबलेट वितरित की गई। स्वास्थ्य विभाग की ओर आए ड. लता बनर्जी एवं श्री बंजारे ने छात्रें को फाइलेरिया के कारण, इसके बचाव और स्वच्छता बनाए रखने के महत्व के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान निबंध और नारा लेखन प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं। निबंध प्रतियोगिता में सलीम राज प्रथम ऊषा डाहिरे द्वितीय संजना ने तृतीय स्थान पर रहीं। नारा लेखन में कोमल साहू प्रथम, राकेश द्वितीय, ऊषा तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर प्राचार्य ड. श्रीमति पुर्णिमा मिश्रा, प्रहलाद घिर्रे, ड. रामबाबू मिश्र, श्रीमति कमलेश भास्कर, कविता उपाध्याय, रंजनी क"यप, झरोखा लाल मिरी, सुखचंद पाटले, ऐ"वर्या यादव, नीलिमा किरण मिंज, सेमिना जन, दयावती सिहारे सहित कई शिक्षक और कर्मचारियों ने उपस्थित रहकर कार्यक्रम को सफल बनाया।